01 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 132

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति से उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा के रुख में बड़ा बदलाव आया है : नड्डा

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

न्यूज रील्स

तेलंगाना टनल हादसा: मजदूरों के जिंदा बचने की संभावना कम

नागरकुर्नूल। तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को छह दिन बीत चुके हैं। लेकिन टनल में फंसे आठ मजदूरों को अब तक नहीं निकाला जा सका है। रेस्क्यू जारी है। शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे की दो टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी मजदूर के जीवित मिलने की संभावना बहुत कम लग रही है। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि मलबा हटाने और लोहे की छड़ों की कटिंग का काम लगातार जारी है।

पुणे रेप केस: आरोपी पुलिस हिरासत में

पुणे। पुणे में खड़ी बस में 26 साल की लड़की से रेप के आरोपी रामदास गाडे को गुरुवार को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी निखिल पिंगले ने बताया कि रामदास को शिरूर तहसील के गुनात गांव से गिरफ्तार किया गया। वह गन्ने के खेत छुपा हुआ था। इस दौरान गांववालों ने हमारी मदद की। गांववालों ने ही बताया था कि आरोपी गांव में है। रात में उसने एक घर से पीने का पानी और खाना मांगा। इस दौरान लोगों ने उसे पहचान लिया और जानकारी पुलिस को दे दी।

कोलकाता हाइकोर्ट को पांच नये जज मिले

कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कोलकाता हाइकोर्ट में पांच नये जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह फैसला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया। नये जजों के रूप में नियुक्त होने वालों में स्मिता दास डे, ऋतब्रतो कुमार मित्रा, मोहम्मद तलय मसूद सिद्दीकी, कृष्णराज ठाकर और ओम नारायण राय के नाम शामिल हैं। फिलहाल कोलकाता हाइकोर्ट में 72 स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल 43 जज कार्यरत हैं।

गरीब और होनहार बच्चे होंगे डिजिटल फ्रेंडली: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सौंपा टैबलेट
- सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की दिशा में लिखा गया नया अध्याय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है, जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। हर दिन डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही हैं। ऐसे में आप चाहें या ना चाहें, डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनायें। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट देने के मौके पर बोल रहे थे। राज्य के ने 28945 शिक्षकों को टैहलेट दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन हेतु विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित-सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया।

बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था का व्यापक पैमाने पर डिजिटाइजेशन हो चुकी है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। हमारे बच्चे अगर डिजिटल फ्रेंडली नहीं होंगे, तो उनके आगे की राह आसान नहीं होगी। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में जुट गयी है। बच्चों का समग्र विकास हमारी सरकार प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहा है। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गयी है। हेमंत ने कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। मोबाइल फोन भी इससे अछूता नहीं है, लेकिन यह आप पर निर्भर करता है कि इसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नये अध्याय की शुरुआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जायेगी। उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी।

बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है, ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसइ और आइसीएसइ बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है।

कार्यक्रम में थे मौजूद: इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

सभी पंचायतों में लगेंगे मोबाइल टावर

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ायेगी ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके।

मुख्यमंत्री ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया

सीमित संसाधनों के बीच समस्याओं को दूर करने का हो रहा प्रयास: हेमंत

- राज्य के सभी कर्मियों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी। झारखंड विधानसभा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा और गरीब राज्य है। यहां कई चुनौतियां हमारे सामने खड़ी है। संसाधनों की कमी है। इन सब के बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त कर सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिये इस बीमारी पर जीत हासिल की, उसे पूरी दुनिया ने सराहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है। उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कर्मियों के समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव समेत कई अन्य मंत्री एवं विधायक गण और अधिकारी मौजूद थे।

(पेज 03 भी देखें)

बढ़ रही हैं स्वास्थ्य समस्याएं

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही है। रहन-सहन और खान - पान में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, उसने कमोबेश हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित कर दिया है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है। जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानियां होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके।

झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण: अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

जीएसपीडी में 7.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान, प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किया। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में राज्य में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी अधिक होगी। आकलन के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.7% की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.5% की वृद्धि का अनुमान है। झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 68,612 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 1,14,271 रुपये और स्थिर मूल्य पर 72,836 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 5,56,286 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके वर्तमान मूल्य पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,24,079 होने का अनुमान है।

राजकीय अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि: रिपोर्ट के अनुसार राजकीय अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि हुई है। पिछले तीन वर्षों में खासकर साल 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्य पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7% और वर्तमान मूल्य पर जीएसडीपी में 10.7% की दर से वृद्धि हुई है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 6.7% और वर्तमान मूल्य पर 9.8% की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं बात यदि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से राज्य की तुलना करें, तो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में झारखंड के जीएसडीपी में पिछले 5 वर्षों में सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 में राज्य का जीएसडीपी देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 1.59% था जो वर्ष 2023- 24 में बढ़कर 1.64% हो गया।

प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 105275 रुपये: इस अवधि में स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में औसतन वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और चालू मूल्यों पर 9.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 57,172 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 65,062 रुपये और चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 88,500 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 105274 रुपये हो गयी है।

पांच वर्षों में औसतन 10.4% बढ़ा राज्य का व्यय

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार साल 2018-19 से 2023-24 के बीच यानी 5 वर्षों में राज्य का कुल व्यय 10.4% की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है। वर्ष 2018-19 में राज्य का कुल व्यय लगभग 65,888 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2022-23 तक बढ़कर 91,638 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 1,07,921 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्तीय वर्ष में इसके 1,28,900 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा

रिपोर्ट के अनुसार राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में राज्य का राजकोषीय घाटा राज्य के जीएसडीपी का सिर्फ 1.4% था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में या जीएसडीपी का 1.9% रहने का अनुमान है। हालांकि पिछले 5 वर्षों में यानी 2018-19 से लेकर 2023-24 में राज्य के राजस्व प्राप्तियां औसतन 9.4% की वार्षिक दर से बढ़ी है। राज्य अपने संसाधन के जरिए आय बढ़ाने में सफल रहा है। जिसके तहत औसतन 12.5% की वार्षिक दर से वृद्धि हुई है।

उत्तराखंड में हिमस्खलन, 57 मजदूर दबे, 32 का रेस्क्यू

- बद्रीनाथ हाइवे पर बर्फ हटाने के काम में लगे थे, चार गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार सुबह 7.15 बजे हिमस्खलन की वजह से 57 मजदूर बर्फ में दब गये। मजदूर आठ कंटेनर और एक शेड में थे। घटना बद्रीनाथ से तीन किलोमीटर दूर चमोली के माणा गांव में हुई। यहां बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की टीम चमोली-बद्रीनाथ हाइवे पर बर्फ हटाने के काम में लगी हुई है। मजदूर बीआरओ की टीम के साथ थे। सेना के मुताबिक घटना की जानकारी मिलते ही टीम के 100 से ज्यादा जवान तत्काल रेस्क्यू में जुटे। इसमें डॉक्टर, एंबुलेंस स्टाफ भी शामिल हैं। सुबह 11.50 बजे टीम ने पांच कंटेनरों का पता लगाया और 10 मजदूरों को निकाला। इन लोगों को जोशीमठ और माणा के अस्पतालों में भेजा गया है। 10 में से चार की हालत गंभीर है। सेना के मुताबिक तीन कंटेनरों की तलाश जारी है। अबतक कुल 32 मजदूरों का रेस्क्यू किया जा चुका है। 25 की तलाश जारी है। सेना के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आइटीबीपी और बीआरओ की टीमें मौके पर मौजूद है। हेलिकॉप्टर और ड्रोन टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। खराब मौसम के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। हादसे को लेकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की है। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत की है।

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से उग्रवादी फरार, मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक कैदी फरार हो गया है। शुक्रवार को हुई सामूहिक हाजिरी के बाद जेल प्रशासन को जानकारी मिली कि कैदी फरार हो गया है। जिसके बाद जेल में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार समीर तिर्की उग्रवादी संगठन से जुड़ा हुआ है। वह गुमला का रहने वाला है। गुमला पुलिस के द्वारा उसे साल 2018 में गिरफ्तार किया गया था। 2018 से ही समीर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि समीर गुरुवार की शाम लगभग 7:00 बजे केंद्रीय कारागार से फरार हुआ है।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ फरार : रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। रांची जेल से समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की नाम का कैदी फरार हो गया है। शुक्रवार की सुबह जब कैदियों की हाजिरी शुरू हुई तब जेल प्रशासन को यह जानकारी मिली कि समीर तिर्की जेल से फरार हो चुका है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन और जेल में हड़कंप मचा गया। फरार कैदी की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है।

मामले की जांच जारी

झारखंड के जेल आइजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि एक कैदी के भागने की सूचना मिली है। उसकी तलाश में रांची पुलिस के साथ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के मामले में जेल में बंद समीर तिर्की किन परिस्थितियों में जेल से भागा, इसकी जांच की जा रही है।

झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों में होगी एक मार्च से बारिश

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा शामिल हैं। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के चलते पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 32.5, डालटेनगंज में 33.4, बोकारो में 33.1 और चाइबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दारोगा को एसीबी ने पांच हजार घूस लेते हुए दबोचा

मोबाइल के लिए दारोगा ऋषिकांत पीड़ित से पांच हजार रुपये मांग रहा था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एंटी करप्सन ब्यूरो ने रांची के कोतवाली थाना के एक दारोगा को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दारोगा एक व्यक्ति को मोबाइल थाना से छुड़ाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। दारोगा की गिरफ्तारी की पुष्टि एसीबी के द्वारा की गयी है।

क्या है पूरा मामला : झारखंड पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो ने रांची के कोतवाली थाना के दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को कोतवाली थाना के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान आरोपी का एक महंगा मोबाइल फोन भी थाना के द्वारा जब्त किया गया था। इस केस का आइओ ऋषिकांत ही था। मोबाइल को थाना से छोड़ने के लिए दारोगा ऋषिकांत पीड़ित से पांच हजार रुपये मांग रहे थे। जिसके बाद आरोपी के भाई ने एसीबी से संपर्क किया।

शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई

इस मामले को लेकर पीड़ित के द्वारा दारोगा के द्वारा पैसा मांगे जाने की लिखित शिकायत एसीबी में की गयी। जिसके बाद एसीबी ने मामले की जांच की, जिसमें दारोगा के ऊपर लगे आरोपों को सत्य पाया गया। आरोप में सत्यता पाये जाने के बाद एसीबी ने शिकायतकर्ता को अपने द्वारा दिये गये पैसे लेकर दारोगा ऋषिकांत के पास भेजा। इस बीच जैसे ही शिकायतकर्ता के द्वारा दारोगा को पांच हजार रुपये दिये गये। वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम अब शिकंजे में लिये गये दारोगा से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

सरकार चतुर्थवर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति करेः बंधु तिर्की

मुख्यमंत्री से आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम की बजाय कार्यालयों, निगम बोर्ड आदि में नियमित नियुक्ति करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मंत्री झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह अपने विभिन्न कार्यालयों के साथ ही अपने अधीनस्थ सभी निगम, बोर्ड आदि में भी चतुर्थवर्गीय पदों पर कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सीधी और पूर्ण नियुक्ति करें साथ ही पहले से आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मियों को नियमित करें।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये एक पत्र में श्री तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालय के साथ ही विभिन्न निगमों, प्राधिकार, बोर्ड आदि में बड़ी संख्या में चतुर्थ वर्गीय पदों पर वैसे कामगार और कर्मचारी कार्यरत हैं जो नियमित नहीं है। उनमें से अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मी हैं जो रोजगार के अभाव एवं गरीबी के कारण वैसी आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से अनुबंधित होते हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

श्री तिर्की ने श्री सोरेन से आग्रह किया है कि यदि वैसी आउटसोर्सिंग कंपनियों पर सख्त पाबंदी लगाते हुए वैसे अनुबंधित कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सीधी नियुक्ति करने की संभावनाओं पर ध्यान देते हुए सकारात्मक कदम उठायें और जबतक ऐसा नहीं होता है तब तक वैसी आउटसोर्सिंग कंपनियों पर सख्त निगरानी बरती जाये।

आउटसोर्सिंग कंपनियों पर सख्त निगरानी रखें

श्री तिर्की ने कहा कि वैसे श्रमिकों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पारिश्रमिक या वेतन की अपेक्षा काफी कम पारिश्रमिक या वेतन का भुगतान किया जाता है और वैसे लोग किसी से शिकायत करने की स्थिति में भी अपने-आपको असहाय पाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे कार्यों में कार्यरत अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियां वैसे अनुबंधित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को निर्धारित राशि की बजाय बहुत कम राशि का भुगतान करती हैं। इसके साथ-साथ वैसे कर्मचारियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति से पूर्व उनसे अवैध रूप से मोटी रकम की भी मांग की जाती है जिसे देने में वे असमर्थ तो होते हैं लेकिन हर महीने रोजगार की लालच में वे जैसे-तैसे उस अवैध मोटी रकम का भुगतान आउटसोर्सिंग कंपनी या उसके दलालों, बिचौलियों आदि को करते हैं क्योंकि वे वैसे अवसर को पाना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री और कल्पना से नीरू शांति भगत ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जिससे कयास लगाये जा रहे हैं कि नीरू शांति भगत जल्द ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हो सकती हैं। नीरू शांति भगत पूर्व में आजसू पार्टी से जुड़ी रही हैं और लोहरदगा सीट से दो बार चुनाव लड़ चुकी हैं, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। हाल ही में उन्होंने आजसू से इस्तीफा दे दिया है। उनके पति कमल किशोर भगत भी आजसू पार्टी से विधायक रह चुके हैं।

सीएम हेमंत ने उत्तराखंड में ग्लेशियर की चपेट में आये मजदूरों की सुरक्षा की कामना की

रांची (आजाद सिपाही)। उत्तराखंड के चमोली जिले के माना गांव के पास ग्लेशियर टूटने से बड़ा हादसा हो गया है। इस घटना में सीमा सड़क संगठन के ठेकेदार के तहत काम कर रहे 57 मजदूर मलबे में दब गये। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, 'उत्तराखंड के चमोली जिले में बीआरओ अंतर्गत कार्य कर रहे कई श्रमिकों की टूटे ग्लेशियर की चपेट में आने की खबर मिली है। जानकारी के अनुसार बीआरओ, आइटीबीपी एवं अन्य द्वारा राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मरांग बुरु से इस हादसे की चपेट में आये सभी श्रमिकों की सुरक्षा की कामना करता हूं।'

रंग लाया रक्षा राज्यमंत्री का प्रयास

दो करोड़ की लागत से जगन्नाथ मंदिर का होगा समग्र विकास

भगवान जगन्नाथ की कृपा से ही होगा कार्य : संजय सेठ

जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए समर्पित है मेरा हर कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। धुर्वा में स्थित प्रभु जगन्नाथ के ऐतिहासिक मंदिर परिसर के समग्र विकास का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से 450 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर का समग्र विकास सीएसआर से होना है। मंदिर परिसर के विकास के लिए 2 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। रांची जिला प्रशासन के किए सीसीएल ने एमओयू भी कर लिया है। बहुत जल्द यह कार्य शुरू हो जायेगा। विदित हो कि अगस्त 2024 में संजय सेठ ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता से अवगत कराया था। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्तमान समय में इस परिसर के समग्र विकास की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय पटल पर इस परिसर को नयी पहचान मिल सके। इसी के आलोक में सीसीएल ने जिला प्रशासन से संपर्क किया और परिसर के समग्र विकास को स्वीकृति दी। जगन्नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है। लोग रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं। इस बाबत संजय सेठ ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ की कृपा से ही यह काम संभव हुआ है। रांची की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उसे विश्वास को और मजबूत बनाने के लिए मैं हर कार्य कर रहा हूं। जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मेरा हर कार्य समर्पित है। जगन्नाथ मंदिर सिर्फ हमारी आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं है बल्कि यह झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। इस मंदिर परिसर का समग्र विकास, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने वाला होगा।

जगन्नाथ मंदिर में होंगे ये कार्य

मंदिर के समग्र विकास की दिशा में बाउंड्री वाल, पार्क निर्माण, वॉटर फाउंटेन, बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, शौचालय, बागवानी, कियोस्क, पर्याप्त लाइटिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कई कार्य किये जाएंगे।

फार्म-IV
(नियम 8, समाचारपत्र पंजीकरण (केंद्रीय) नियम 1956 के अंतर्गत)

आजाद सिपाही

1.	प्रकाशन स्थान	: रांची
2.	प्रकाशन अवधि	: दैनिक
3.	मुद्रक का नाम	: हरिनारायण सिंह
	(क) क्या भारत का नागरिक हैं?	: हां
	(ख) यदि विदेशी है तो मूल देश	: XXX
	पता	: 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
4.	प्रकाशक का नाम	: हरिनारायण सिंह
	राष्ट्रीयता	
	(क) क्या भारत का नागरिक हैं?	: हां
	(ख) यदि विदेशी है तो मूल देश	: XXX
	पता	: 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
5.	संपादक का नाम	: हरिनारायण सिंह
	राष्ट्रीयता	
	(क) क्या भारत का नागरिक हैं?	: हां
	(ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश	: XXX
	पता	: 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001

6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र. के स्वामी हैं तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हैंः
समाचार पत्र का स्वामी-लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि. के हिस्सेदार जिनके पास 01.02.2025 को कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है.
1. हरिनारायण सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
2. राहुल सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
3. राकेश सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001

मैं, हरिनारायण सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं.

दिनांक : 28.02.2025

ह./- हरिनारायण सिंह
प्रकाशक

पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय से मिले राजेंद्र प्रसाद

पेसा कानून के तहत सदानों को ग्राम प्रधान-अध्यक्ष बनाने की मांग

- ओबीसी का फर्जी सर्वेक्षण और पेसा पर सवाल उठाया,
- सरकार बनवाने में सदान और ओबीसी का योगदान : राजेंद्र प्रसाद
- पेसा कानून के तहत एकपक्षीय अधिकार देने से झारखड के परंपरागत, सामाजिक व्यवस्था पर आघात होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने पेसा कानून को लेकर सरकार के द्वारा जो मसौदा ड्राफ्ट तैयार किया गया है और जिस तरह ओबीसी सर्वेक्षण में फर्जीवाड़ा हो रहा है। इसको लेकर मंत्री से कड़ी आपत्ति जतायी और सही तरीके से ओबीसी का सर्वेक्षण कराने का आग्रह किया। मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय से कहा 74% गैर आदिवासियों में 65% मूलवासीय सदानों की आबादी है, जो सदा से झारखंडी हैं। इसके बाद भी 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों को आरक्षित कर दिया गया और मूलवासी सदानों को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया और अब पेसा कानून के तहत सदानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा।

उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जनजाति हितों के लिए बनाये जानेवाले कानून का मूलवासी सदान विरोधी नहीं है, लेकिन भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों का हनन होने पर मूलवासी सदान प्रबल विरोध करेंगे। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इतिहास में बहुसंख्यक कि इस तरह की उपेक्षा कोई उदाहरण नहीं मिलता है। कहा

कि मूलवासी सदान मोर्चा स्थापना काल से ही सभी झारखंड वासियों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहा है, किंतु मूलवासी सदान मोर्चा सदानों की हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा कि महाधिवक्ता की राय के बाद विधि विभाग ने पेसा के प्रारूप पर सहमति दी है। इस मसौदा से मूलवासी सदान उपेक्षित एवं अपने अधिकारों से वंचित रह जायेंगे। मसौदा के अनुसार झारखंड के वनोत्पादों निजी वृक्षों एवं अन्य औषधीय उत्पादों पर सिर्फ जनजातियों का अधिकार होना, दुर्भाग्यपूर्ण एवं मूलवासी सदान विरोधी है।

झारखंड के सामाजिक व्यवस्था में मूलवासी सदानों अल्पसंख्यकों एवं जनजातियों के बीच एक परंपरागत समन्वय पारस्परिक सहयोग हमेशा से रहा है, लेकिन नये कानून से सदानों की उपेक्षा एवं राजनीतिक ध्रुवीकरण के तहत झारखंड के पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था पर एक गहरी चोट है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान झारखंड के सबसे पुराना वाशिंदे हैं और सदानों ने भी जंगल बचाने और तरह-तरह की वृक्ष जंगलों एवं अपने अपने जमीनों में लगाया है, जिसमें अनेक तरह के वृक्ष हैं। जैसे महुआ, कुसुम करंज इत्यादि ऐसे में सिर्फ जनजातियों का अधिकार मिलेगा, तो सदानों का क्या होगा। उन्होंने सरकार से इस पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। प्रसाद ने पंचायतीराज मंत्री दीपिका पांडेय से कहा कि पेसा कानून के तहत जनजातीय और सदानों को एक सम्मान अधिकार मिलना चाहिए। मूलवासी सदानों को ग्राम प्रधान और अध्यक्ष बनने का अधिकार हो सरकार सुनिश्चित करे।

दिल में सुराख वाले बच्चों का रोटरी करायेगा फ्री ऑपरेशन

- रोटरी ने शुरू किया गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान
- अमृता अस्पताल कोच्चि में होगा ऑपेरशन
- रांची के राज हॉस्पिटल में स्क्रीनिंग कैंप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वैसे बच्चे जिनके दिल में सुराख है, उन बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन कराने का बीड़ा रोटरी क्लब ने उठाया है। इसके लिए रोटरी क्लब ने गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को रांची के राज हॉस्पिटल में दोपहर एक बजे से चार बजे तक प्रसिद्ध डीएम कार्डियोलॉजी डॉ राजेश झा दिल में छेद वाले बच्चों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं। चार मार्च को इसी अस्पताल में मेगा स्क्रीनिंग कैंप भी लगाया जायेगा। इसमें अमृता अस्पताल कोच्चि के डॉक्टर ऐसे मामलों की स्क्रीनिंग करेंगे। ऑपरेशन के लिए चयनित बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन अमृता अस्पताल कोच्चि में कराया जायेगा।

रोटरी रांची के मंजू गंभीर, गौरव बागरॉय, भंडारी लाल, हरमिंदर सिंह, भूपिंदर सिंह जग्गी ने बताया कि छह माह से लेकर 18 वर्ष उम्र तक के वैसे बच्चे जिनके दिल में छेद है, उनके अभिभावक स्क्रीनिंग कैंप में बच्चे को जांच के लिए लेकर अवश्य पहुंचे। जांच एवं ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था निःशुल्क है। पदाधिकारियों ने बताया कि अभिभावक पूर्व में इलाज से संबंधित सारे दस्तावेज और आय प्रमाण पत्र लेकर आयें। यह पूरी सुविधा केवल वैसे परिवार को मिलेगी जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है या जो बीपीएल अथवा पीला कार्डधारी हैं। पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि गिफ़्ट ऑफ लाइफ के माध्यम से रोटरी ने अब तक सैकड़ों बच्चों को नया जीवन दे चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड बिहार कहीं के भी लोग इस अभियान का लाभ उठा सकते हैं। इस आयोजन की सफलता के लिए रांची के सभी रोटरी एवं रोट्रेक्ट क्लब से जुड़े लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए लोग 9431115673, 9431101442, 9204055678, 9431106421, 8825142704, 9431144286 पर संपर्क कर सकते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.4 °c	15.0 °c
सूर्यास्त (आज)	:	17.51 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.11 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in

बजट सत्र: 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट विधानसभा से पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को 5,508 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कटौती प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कहा कि उन्हें आशा थी की अनुपूरक बजट पर विपक्षी सदस्यों की ओर से सरकार को सुझाव दिया जायेगा, लेकिन विपक्ष ने वित्तीय मामलों पर कम बल्कि राजनीतिक मुद्दे ज्यादा उठाये। विपक्ष की यह बात सही नहीं है कि सदन में मूल बजट आना है तो बीच में अनपरक बजट की क्या जरूरत है। हाल ही में केंद्र सरकार

ने झारखंड को बकाया 1112 करोड़ रुपये दिये हैं तो क्या इस राशि का उपयोग अनुपूरक के जरिये विकास कार्यों में न हो। वित्त मंत्री ने कहा कि हर पांचवें वर्ष चुनाव का होता है, जिसका असर राज्यों के खर्च और इसके राजस्व पर पड़ता है। हमारी सरकार की सोच है कि ऐसे विभागों के पैसे को उन विभागों को दे दिया जाये जिन विभागों में अधिक खर्च किये जा रहे हैं। उन्होंने जदयू के विधायक सरयू राय की ओर से उठाये गये मुद्दों पर कहा कि यदि सदन के बगैर अनुमति के राशि का आवंटन नहीं किया जाता है। यदि ऐसी बात होगी तो इसकी जांच करायी जायेगी। सरयू राय ने सदन की बगैर अनुमति के राशि आवंटित करने की बात कही थी और कहा था कि वित्त मंत्री को सरकार के बही-खातों को दुरुस्त करना चाहिए।

एक मार्च 2025 से लागू होगी स्वास्थ्य बीमा योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना एक मार्च 2025 से लागू हो रही है । पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है। जबकी अन्य श्रेणी के कर्मियों के लिए यह योजना 1 मई 2025 से लागू होगी। इस योजना का लाभ राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी, विधानसभा सदस्य, सेवानिवृत कर्मी, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता एवं उनके आश्रित, राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत/ सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड ,निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत /सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के कार्यरत/ सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी तथा निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का कैशलेश इलाज लाभुक करा सकेंगे। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जायेगा। अगर इलाज में और भी खर्च हो तो कॉरपस फंड से वह उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं, विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

सभी को एक नजरिये से देखती है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिए से देखती है। चाहे किसान हो या मजदूर या कोई और वर्ग तथा तबका, सभी के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है और हमारी सरकार इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।

वृष कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

मिथुन प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

कर्क विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

सिंह कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

कन्या नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

तुला परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

वृश्चिक स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

धनु आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

मकर आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

कुंभ लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

मीन चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

जमीन अधिग्रहण को लेकर सदन में हंगामा, पक्ष और विपक्ष ने उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुआवजा, एनओसी और म्यूटेशन को लेकर हो रही धांधली पर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष ने भी सवाल खड़े किये। विधायक नागेंद्र महतो ने पूछा कि क्या सरकार वैसे गैर मजरूआ जमीन का पुनः लगान रशीद किसानों से राजस्व लेकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देने का विचार रखती है।

इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि पूर्व की बीजेपी सरकार ने अवैध जांच का आदेश दिया था। लेकिन अब 2018 से पूर्व बंदोबस्ती वाले ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस पर नवीन जयसवाल ने कहा कि ऑनलाइन के बाद खाता-प्लॉट नंबर सब चेंज हो गया। अफसर जानबूझ कर इस तरह का काम किये हैं।

ऑनलाइन में पांच एकड़ की जगह पांच डिसमिल हो गया है। सीओ 25 से 50 हजार रुपये घूस मांगता है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इस तरह की शिकायत किसी भी अंचल से

आयी तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। अगर सीओ ने सीबीआइ जांच का बहाना बनाया तो होगी कार्रवाई

नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुद्दा उठाया। पूछा कि विकास कार्यों के लिए अपने प्लॉट को लेकर सरकार का सहयोग करने वाले रैयतों को केवल प्लॉट के अधिग्रहित हिस्सों को छोड़कर बाकी बचे गैर अधिग्रहित प्लॉट पर प्रतिबंध हटाया जा सकता है। इसपर रैयतों का आर्थिक रूप से भी दोहन हो रहा है।

एनओसी की भी प्रक्रिया काफी लंबी है। इस पर विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि देवघर में रशीद कटाने जाते हैं तो कहता है कि सीबीआइ जांच चल रही है। फिर राजेश कच्छप ने कहा कि ज्यूडिशियल अकादमी से नगड़ी तक अधिग्रहित की गयी जमीन का मुआवजा अब तक रैयतों को नहीं मिला है।

इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि रैयती जमीन को प्रतिबंध करने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर एनओसी देने में कोई विलंब करता है तो इसकी सूचना दें, 15 दिनों के अंदर कार्रवाई होगी। सीओ कहते हैं कि सीबीआइ जांच हो रही हो तो उन्हें भी शोकॉज किया जायेगा। इस पर स्पीकर ने कहा कि यह आदेश सभी जिलों में भिजवा दें।

विगत पांच वर्षों का श्वेतपत्र जारी करे राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

राज्य सरकार का पिछला कार्यकाल आर्थिक कुप्रबंधन का, सीएजी की रिपोर्ट दे रही गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर सीएजी रिपोर्ट के हवाले से बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार का पिछला 5 साल वित्तीय कुप्रबंधन, लूट और भ्रष्टाचार का रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले 5 साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

कहा कि झारखंड में चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी की रिपोर्ट कैग ने दी है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 तक, चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों में

से 2,210 पद खाली रह गये, जो कुल आवश्यकता का 61% है। ऑडिट में झारखंड के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी का खुलासा हुआ है। इसके अलावा, आवश्यक दवाओं की गंभीर कमी का भी पता चला। 2020-21 और 2021-22 के बीच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में 65 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक आवश्यक दवाओं की कमी पायी गयी। कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। सीएजी ने पाया है कि भारत सरकार ने कोविड प्रबंधन के लिए 483.54 करोड़ रुपये विमुक्त किये थे, इस राशि के विरुद्ध झारखंड सरकार को अपने हिस्से की 272.88 करोड़ की राशि विमुक्त करनी थी। कुल प्रावधान 756.42 के विरुद्ध राज्य सरकार ने केंद्रीय राशि का 291.87 करोड़ और राज्य का 145.10 करोड़ ही विमुक्त किया।

कई करोड़ की राशि का नहीं दिया गया उपयोगिता प्रमाण पत्र

कहा कि 19125 करोड़ राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया, भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिये जाने पर विभागों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की गयी है। वित्तिय लेखे पर टिप्पणी में लिखा गया है कि वर्ष 2023-24 के दौरान विभागों द्वारा सहायक अनुदान के तौर पर दी गयी 19125.88 करोड़ की राशि के विरुद्ध 5209 उपयोगिता प्रमाण पत्र राज्य सरकार के निकायों व प्राधिकारों के द्वारा जमा नहीं कराये गये। कहा कि महीने में ही महिला कर्मचारियों को हुआ दूसरा बच्चा! इस राज्य की सीएजी रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। लेखा परीक्षा के दौरान बोकारो और धनबाद में ऐसे मामले भी सामने आये, जिसमें चार माह में भी महिला कामगारों को दूसरा बच्चा हुआ जिससे उन्हें दो बाद मातृत्व लाभ योजना के तहत 15-15 सौ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गयी।

बजट सत्र: 108 एंबुलेंस को लेकर राज्य सरकार को घेरा, नियमावली में संशोधन की आवश्यकता बतायी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन 108 एंबुलेंस की सेवा को लेकर सत्ता पक्ष ने सरकार को ही घेरा। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हर जिला में मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना चाहिए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कोडरमा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। 38 फीसदी निर्माण कार्य हो चुका है।

पहले चरण में धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और जमशेदपुर में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। पांच सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी खोला जायेगा। एंबुलेंस की संख्या बढ़ायी जायेगी। जिस जगह पर मरीज को रेफर किया जायेगा, वहां पहुंचाया जायेगा।

इस पर स्टीफन मरांडी ने कहा कि 108 एंबुलेंस की व्यवस्था सुधारी जाये। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि इसकी नियमावली में संशोधन होना चाहिए। इरफान अंसारी ने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा का जिम्मा नयी एजेंसी को दिया गया है।

रोजगार के प्रति सरकार उदार दृष्टि से कर रही है काम: संजय

श्रम मंत्री संजय प्रसाद सिंह यादव ने कहा कि रोजगार के प्रति सरकार उदार दृष्टि से काम कर रही है। रोजगार मेला लगाया जा रहा है। वे नागेंद्र महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। नागेंद्र महतो ने पूछा कि झारखंड में कितने को रोजगार उपलब्ध कराया है।

इस पर श्रम मंत्री ने कहा कि

हम फिलहाल 18 जिला घूम लिये हैं। कुटीर और मध्यम उद्योगों में रोजगार के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

प्रदीप यादव ने व्यवस्था पर उठाया सवाल

प्रदीप यादव ने स्पीकर से कहा कि अब तक मेरे सवाल का जवाब नहीं मिला है। व्यवस्था दुरुस्त की जाये। स्पीकर ने कहा कि सभी विभागों के अफसरों को कहा गया है कि समय पर उत्तर उपलब्ध करायें। प्रदीप यादव ने कहा कि आपके निर्देश के बावजूद समय पर जवाब नहीं मिल रहा है तो उस विभाग के सेक्रेट्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में पेयजलापूर्ति योजना का मुद्दा उठाया। कहा कि जिस 917.69 करोड़ की पेयजलापूर्ति योजना के बार में जवाब मांगा गया, उसकी चर्चा ही नहीं है। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि धनबाद में कुल 12 योजनाएं चल रही हैं। स्टेट प्लान की योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। आप जिस योजना की बात कर रहे हैं। उसका जवाब नगर विकास विभाग देगा। इस पर राज सिन्हा ने कहा कि यही तो मैं कहना चाह रहा हूं। इस पर मंत्री ने कहा कि यही तो मैं समझाना चाह रहा हूं।

विधायक सीपी सिंह ने मंत्री इरफान अंसारी को किया चैलेंज, प्रमाण दिखा दें इस्तीफा दे दूंगा : सीपी सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे दिन सीपी सिंह ने इरफान अंसारी को चैलेंज कर दिया है। दरअसल इरफान अंसारी ने पीएम मोदी के 15 लाख देने वाले बयान पर केंद्र सरकार को सदन में घेरा था। जिसका जवाब विधायक सीपी सिंह ने दिया। उन्होंने इरफान को चुनौती देते हुए कहा कि अगर इस तरह का बयान का प्रमाण वे सदन में दिखा दें तो मैं विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे दूंगा।

इरफान अंसारी प्रमाण नहीं दिखा पाये तो उन्हें देना होगा इस्तीफा

विधायक सीपी सिंह ने भरे सदन में कहा कि अगर मंत्री इरफान अंसारी प्रधानमंत्री के 15 लाख देने वाले बयान का प्रमाण दिखा दें तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। अगर वह उसे साबित नहीं कर पाये तो उन्हें अपने इस्तीफा देना होगा। इसके बाद विधायक नवीन जयसवाल ने नौकरी से संबंधित मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 10 लाख नौकरी देने का वादा किये थे। लेकिन वो वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है।

जेपीएससी में 1700 से अधिक पद खाली : नवीन जयसवाल

नवीन जयसवाल ने आगे कहा कि जेपीएससी में आज 1700 से अधिक पद खाली हैं। इसके अलावा आज हर परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है तो ये पद कहां से भरेगा। उन्होंने खास तौर पर नगर पालिका सेनेटरी सुपर वाइजर में भर गये पद पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 600 से अधिक पदों के लिए ये वैकेंसी आयी थी। लेकिन उसके लिए जो योग्यता मांगी गयी थी उसकी पढ़ाई यहां होती ही नहीं तो यहां के लोगों को नौकरी कैसे मिलेगी।

कॉपियों की दोबारा जांच नहीं होगी, बहाली भी नहीं रुकेगी : हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उच्च न्यायालय ने स्नातक स्तर शिक्षक परीक्षा से संबंधित 10 अपील याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह फैसला न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पुर्नमूल्यांकन और भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि परीक्षा में कई त्रुटियां थीं, जिससे उम्मीदवारों को नुकसान हुआ। उन्होंने परीक्षा परिणामों की समीक्षा और नयी मेरिट लिस्ट जारी करने की अपील की थी। हालांकि, न्यायालय ने उनके तर्कों को स्वीकार नहीं किया और याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी गंभीर अनियमितता का प्रमाण नहीं मिला, जिससे पूरी परीक्षा प्रक्रिया को रद्द करना उचित नहीं होगा। इस फैसले के बाद शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के सुचारू रूप से आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

वेबसाइट : www.ayush.gov.in

सत्यमेव जयते

आयुष मंत्रालय

आयुष भवन"

"बी" ब्लाक, जी.पी. ओ. काम्प्लेक्स, / 'B' Block, GPO Complex, आई.एन.ए.,
नई दिल्ली-110 023/INA, New Delhi-110 023

अधिसूचना

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष, एनसीएच के तहत होम्योपैथी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, एनसीएच के तहत होम्योपैथी चिकित्सा आकलन एवं रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष, तथा एनसीएच के तहत होम्योपैथी आचार एवं पंजीकरण बोर्ड के अध्यक्ष हेतु प्रत्येक के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. आवेदक की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से कम होनी चाहिए।

2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी।

3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र आयुष मंत्रालय की वेबसाइट www.ayush.gov.in पर डाले जाएंगे और वहीं से इन्हें डाउनलोड किया जा सकेगा।

4. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग प्रपत्र भरने होंगे।

5. सभी संगत प्रमाण पत्रों की सत्यापित / स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में विधिवत भरा गया आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए : सचिव, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023, लिफाफे पर बड़े अक्षरों में "राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग में .....(संबंधित पद) पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

एफ. सं. आर - 21011/1/2025-EP-III
दिनांक : फरवरी, 2025

CBC-17201/11/0028/2425

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in
04

राज इंटरनेशनल स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को धूम धाम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। विद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रोग्राम की शुरुआत देश के वैज्ञानिक सीवी रमन, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष और एके लाल के द्वारा करके किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित और प्रेरित करना और जनसाधारण को विज्ञान और वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना विकास की कल्पना भी हम नहीं कर सकते। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। विज्ञान शिक्षक एमडी इकबाल ने विज्ञान दिवस के महत्व को बताते हुए बताया कि सर सीवी रमन का जन्मदिन 7 नवंबर को मनाते है। विज्ञान महोत्सव के दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सतडीहा में शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत सतडीहा में 1 मार्च से होने वाले श्री उत्तर वाहिनी शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की तैयारी पूरी कर लिया। यज्ञ की शुरुआत 1 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। यज्ञ को लेकर भव्य शिव मंदिर के साथ-साथ आकर्षक यज्ञशाला, पंडाल लाइट का सजावट हो गया है। वही प्रवचन कार्यक्रम के लिए भव्य पंडाल बनाया गया है यज्ञ की तैयारी में पूरे शब्द यहां के ग्रामीण महिला पुरुष लगे हुए हैं। पूरे गांव में आकर्षक भव्य पंडाल, तोरण द्वार के साथ लाइट से जगह जगह सजाया गया है। यज्ञ के मौके पर मेले का भव्य आयोजन भी किया गया है जिसमें मीना बाजार, डिज्नीलैंड एक से बढ़कर एक झूला लगाया गया है। कलश यात्रा में सतडीहा, योगीयाटिल्हा, नौकाडीह, लतबेधवा, नवादा सहित कई गांव के लगभग 1000 से ज्यादा कुमारी कन्या और महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगे। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण यादव उपाध्यक्ष मंटू पंडित, सचिव महेश यादव ने बताया कि यज्ञ में यज्ञाचार्य आचार्य वीरेंद्र शास्त्री होंगे। यज्ञ में प्रतिदिन संध्या संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। जिसमें अनंत श्री श्री विभूषित जगत गुरु रामानंदाचार्य कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम, पंडित गौरांगी गौरी जी अयोध्या के द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। यज्ञ को सफल बनाने में पूरे सतडीहा के ग्रामीण लगे हुए हैं।

होमगार्ड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। होमगार्ड की चयन प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने बताया कि 4 से 5 महीने पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा, मेडिकल जांच, दस्तावेज जांच की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके बाद भी नियुक्ति से संबंधित सूचना प्रकाशित नहीं की जा रही है। इसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभ्यर्थियों ने मांग किया है कि जिस प्रकार जिले में चौकीदार की नियुक्ति तीव्र गति से की गयी है। इस तरह होमगार्ड की नियुक्ति भी जल्द से जल्द किया जाये। हालांकि इस दौरान एसडीओ रिया सिंह से उन लोगों का मुलाकात नहीं हो पायी। मौके पर आनंद यादव, रवि यादव, उमंग कुमार सिंह, विराट सिंह, अजय कुमार, रजीत यादव, दीपक कुमार राणा समेत काफी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

डिजिटल और वित्तीय साक्षरता कार्यशाला

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सभागार में दो दिवसीय डिजिटल और वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने किया। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नैसकॉम फाऊंडेशन द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान विशेषज्ञों ने नागरिकों को डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा साइबर ठगी से बचाव, मजबूत पासवर्ड बनाने, फिशिंग अटैक से बचने और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड मरकच्चो की सेविका, सहिया, सखी मंडल की दीदी आदि शामिल हुई। बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि डिजिटल युग में हमें सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर अपराधों से बचने के लिए सही जानकारी और सावधानी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षी प्रखंड मित्र अंकित कुमार सिंह ने किया। कार्यकम में नैस्कॉम फाउंडेशन से अनुषा दास, हेमंक कुमार चौबे तथा प्रखंड से लेखराज, रवि कुमार इत्यादि शामिल रहे।

नीलगाय के झुंड ने गेहूं की फसल को किया बर्बाद

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों नीलगायों का उत्पात चरम पर है। रात के अंधेरे की बात तो दूर, दिन के उजाले में भी नीलगायों का झुंड खेतों में पहुंच कर खेतों में लगी फसलों पर तांडव मचा रहा है। खेतों में लगी फसल को जंगली नीलगाय बर्बाद कर रहे हैं। इससे किसानों में मायूसी छाई हुई है। इस मामले में वन विभाग मौन साधे हुए हैं। किसानों के द्वारा खेतों में गर्मा फसल बड़े ही उत्साह के साथ लगायी गयी है, लेकिन नीलगायों के उत्पात ने किसानों के उत्साह को फीका कर दिया है। सतगावां प्रखंड के मरचोई गांव निवासी मोहन सिंह, विपुल राय और योगीडीह निवासी विजय यादव के 2 एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल को नीलगायों ने बर्बाद कर दिया। वन विभाग से मुआवजा को लेकर मांग की है। इतना ही नहीं प्रखंड क्षेत्र के डेवोडीह, मरचोई, योगीडीह, ठेसवा, कटैया, ढाब आदि दर्जनों गांव के सैकड़ों किसानों ने वन विभाग के पदाधिकारी से नीलगाय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। जिन किसानों की खेती की क्षति हो रही है, उन्होंने मुआवजा की भी मांग की है। वहीं मोहन सिंह, विपुल राय, विजय यादव आदि ने बताया कि खेतों में सिंचाई की व्यवस्था कर गरमा फसल सहित साग सब्जी बीज खेतों में डाली गयी है। जिस पर नील गायों की नजर लग गयी है। नील गाय के झुंड पूरे खेत में लगी फसल सहित साग-सब्जी को तहस-नहस कर दे रहे हैं।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में उठाया सड़क हादसों का मामला

बड़कागांव-बानादाग-केरेडारी तक अलग फोर लेन बनाने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव बानादाग केरेडारी टंडवा पथ में सड़क दुर्घटना में हो रहे ग्रामीणों की मौत को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को विधानसभा में सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सवाल करते हुए कहा कि बड़कागांव केरेडारी टंडवा पथ में ओवरलोडेड भारी वाहन से बीते 23 फरवरी को बीगन महतो और 24 फरवरी को अश्वनी मिश्रा का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। सूचना देने के बावजूद भी प्रशासन की अमानवीय और संवेदनहीनता के कारण बीगन महतो का शव 36 घंटे तक और अश्वनी मिश्रा का शव 20 घंटे तक और गत माह सरैयाटांड़ में मृतक का शव तीन दिन तक सड़क में पड़ा रहा जो काफी दुखद बात है। इस पथ में हर 10 दिन में दुर्घटना से लोगों का मौत हो रहा है। इसके अलावा झारखंड में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मिलने वाला मुआवजा राशि भी बहुत कम है जबकि राजस्थान जैसे राज्य में सरकार सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 10 लाख मुआवजा देती है। और हमारे यहां बहुत ही काम दिया जाता है हम सदन के माध्यम से मांग करते हैं की झारखंड में भी सरकार सड़क दुर्घटना के मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये की मुआवजा देने का काम करें। इसके साथ-साथ बड़कागांव पकरी बरवाडीह, केरेडारी से बनादाग के बीच में अलग से फोरलेन बाईपास या ट्रांसपोर्टिंग सड़क अलग से निर्माण कराया जाये ताकि लगातार इस सड़क दुर्घटना में लोगों के हो रहे मौत को रोका जा सके, और लोगों को आने-जाने में भी सुविधा हो।

पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को पांच दिनों में किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र से 6 वर्षीय बच्चे के गायब होने के महज पांच दिनों में पुलिस ने खोज निकाला है। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को बुलाकर बच्चे को सुपुर्द किया गया। चेहरे पर लौटी मुस्कान के बाद परिजनों ने इसके लिए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। जानकारी अनुसार बच्चे की गुमशुदगी को लेकर पिता विजय कुमार ने तिलैया थाने में आवेदन दिया था। आवेदन में बच्चे के पिता ने बताया था कि बाजार से घर लौटने के क्रम में उसका 6 वर्षीय बेटा अमित कुमार तिलैया बाईपास में बिछड़ गया था। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया। इधर आवेदन के बाद पुलिस लगातार बच्चों की सकुशल बरामदगी को लेकर प्रयासरत थे। थाना प्रभारी विनय कुमार की तत्परता को देखते हुए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ बच्चे की खोजबीन को लेकर सोशल मीडिया भी लगा रहा। इस बीच गया से बच्चे की सकुशल बरामदगी की सूचना पर अनुसंधान कर्ता रामवृक्ष कुमार के नेतृत्व में टीम ने बच्चों को गया से गुरुवार की रात तिलैया लेकर पहुंचा। इधर शुक्रवार को बच्चे को परिजनों को सुपुर्द किये जाने के बाद इस संबंध में जानकारी देते हुए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पिछले 22 फरवरी की शाम 6 वर्षीय बालक की गुमशुदगी के बाद पुलिस लगातार बच्चों की खोजबीन में जुटा रहा। इस बीच गुरुवार को गया चाइल्ड लाइन से बच्चे की सकुशल बरामदगी की सूचना के उपरांत टीम ने बच्चों को चाइल्ड लाइन से छुड़ाकर तिलैया ले आयी। परिजनों से बिछड़ने के बाद 6 वर्षीय बच्चे ने जो बयान दिया वह हैरान करने वाली थी। पुलिस के अनुसार बच्चे गीता क्लीनिक स्थित बाईपास से परिजनों से बिछड़ने के बाद बालक पैदल चलकर महाराणा प्रताप चौक पहुंचा जहां से वे झंडा चौक होते हुए स्टेशन पहुंच कर 22 फरवरी की शाम 7:00 बजे जनशताब्दी एक्सप्रेस में चढ़ गया। सफर के दौरान ट्रेन में चल रहे टीटीई की नजर जब बालक पर पड़ी, तो पुछताछ के बाद उसे गया आरपीएफ को सौंप दिया। बाद में आरपीएफ ने बच्चे को गया चाइल्ड लाईन को सौंप दिया।

ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर क्लिनिक को किया सील

कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभू कुशवाहा के निर्देशानुसार दृष्टि आई हॉस्पिटल गिरिडीह बाई पास रोड स्थित क्लिनिक का दुकान सील किया गया। उक्त क्लिनिक को नगर पंचायत कोडरमा से नोटिस दी गयी थी, परन्तु उनके द्वारा पत्र का किसी प्रकार से कोई उत्तर नहीं दिया गया है और ना ही होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस बनवाया गया है, इसके लिए उन्हें कई बार मौखिक तौर पर सूचित किया गया है। उक्त मकान के मालिक को भी होल्डिंग टैक्स भुगतान के लिये घर में डिमांड चस्पा किया गया। प्रशासक शम्भू कुशवाहा के अनुसार दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालक और मकान मालिक सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए क्लिनिक का संचालन करने लगे। उक्त के अलोक में आज दृष्टि आई हॉस्पिटल गिरिडीह बाई पास रोड कोडरमा को सील किया गया।

जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय परिसर में झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसायटी की ओर से जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के निदेशक नितीश कुमार निशांत, जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा झा और प्रकाश रंजन, अन्य संबंधित जन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 27 रोजगार देने वाली संस्थाओं ने भाग लिया। इस आयोजन में कुल 1376 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिसमें से 287 अभियार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कुछ लोगों को प्रशस्ति पत्र जिला परिषद अध्यक्ष और जिला अपर समाहर्ता के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। आयोजन को लेकर जिला के युवक-युवतियों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीएम प्रकाश रंजन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएम स्किल एंड जॉब्स आदित्य कुमार शर्मा का प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम में राज्य टीम से साईं दत्ता और प्रणव कुमार, जिला समन्वयक आशीष ठाकुर और सुमित कुमार, जी टी भारत से अंबर भारद्वाज, काशिफ रजा, उत्सव झा और आराधना महतो उपस्थित थे।

एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, ढेंगा, बड़कागांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025 का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस वर्ष का थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी पीबीसीएमपी के प्रमुख फैज तैयब द्वारा किया गया, जबकि सीएसआर के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय मुख्य अतिथि और विशिष्ट तिथि को स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे। इस दौरान 60 से अधिक तकनीकी मॉडल और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें आइटीआइ प्रशिक्षुओं द्वारा सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतियां भी शामिल थीं। इसके अलावा, 20 विभिन्न स्टॉलों पर स्कूली छात्रों के बीच पहेली समाधान प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस विज्ञान उत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के कौटिल्य महिला कॉलेज बड़कागांव, संगम पब्लिक स्कूल, गर्ल्स मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, जीडीएम गर्ल्स हाई स्कूल बड़कागांव, सरगम इंटर मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बड़कागांव के छात्रों, विज्ञान संकाय के शिक्षकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कुल 350 प्रतिभागियों की भागीदारी से यह कार्यक्रम सफल रहा। मुख्य अतिथि फैज तैयब ने आइआइटी गांधीनगर में इंटर्नशिप के लिए चयनित तीन मेधावी प्रशिक्षुओं राजेश राजू और बिक्की कुमार को उनकी उपलब्धियों और कौशल विकास में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और विभिन्न विद्यालय से आए हुए विज्ञान के शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि आइआइटी गांधीनगर के इंटर्न्स के सहयोग से कार्यक्रम की गुणवत्ता अत्यंत उच्च रही। कार्यक्रम की सफलता के लिए मो इरफान, श्रीनाथ, प्रशिक्षकों प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, अमरेश विद्यार्थी, विकास चौरसिया, शाहिद अख्तर, शिवलाल महतो, उपेंद्र कुमार, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता, सुनील सिंह, रवि कुमार और प्रतिभागियों को बधाई दी गयी।

चलकुशा बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह ने जिला स्तरीय रोजगार मेला के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना की। ज्ञात हो की जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम सह जिला स्तरीय रोजगार मेला दिनांक 01 मार्च 2025 को डीडीयू जीकेवाई के अंतर्गत पैराडाइज रिसोर्ट हजारीबाग के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें 25 कंपनी के प्रतिनिधि आ रहे हैं प्रत्येक प्रखंड में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसके प्रचार के लिए चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह ने भी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर पूरे प्रखंड में प्रचार के लिए रवाना की। इस रोजगार मेला में 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवक युवतिया का रजिस्ट्रेन किया जा रहा है। मौके पर खाद आपूर्ति पदाधिकारी पदाधिकारी गणेश प्रजापति, जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सीसी पवित्र कुमार यादव, अजय कुमार वर्मा, विकेश कुमार, आईपीआरपी बिरसी देवी उपस्थित थी।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर कार्यशाला

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत में टीबी का पता लगाने और मृत्यु दर की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से व्यापक 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत की है। 7 दिसंबर से 17 मार्च तक पूरे देश भर में यह कार्यक्रम चलाये जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। वैसे व्यक्ति जो संदिग्ध है उनका टेस्ट भी किया जा रहा है, ताकि यह पता चल सके व्यक्ति संक्रमित तो नहीं है। इसी क्रम में सदर अस्पताल में मीडिया कर्मियों का वर्कशॉप आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के दौरान जिला टीवी पदाधिकारी डॉक्टर आरके जायसवाल ने कहा टीवी का इलाज संभव है। कोई भी व्यक्ति को ऐसा प्रतीत होता है कि वह टीवी से प्रभावित है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अवश्य टेस्ट करा ले। उनका यह भी कहना है कि आम लोगों में भी जागरूकता आना चाहिए कि किसी व्यक्ति में लक्षण दिखता हैं तो जानकारी विभाग को दे। जिला में अब तक 594 टीवी मरीज चिन्हित किये गये है।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग शहर के परिसदन भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। जिसमें कुशवाहा समाज की प्रदेश सचिव-सह-कांग्रेस ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील मेहता, कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुखलाल मेहता, प्रदेश के सचिव अर्जुन मेहता, इंद्र नारायण कुशवाहा, जय नारायण कुशवाहा, विकास कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, लोहरदगा के प्रकाश कुशवाहा, आभा कुशवाहा समेत कई लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज को सशक्त बनाने की बात हुई। उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार रखते हुए कहा कि अब गांव-गांव जाकर लोगों को संगठन से जोड़ना है और समाज को सशक्त बनाना है।

महिला ने आजसू प्रखंड अध्यक्ष पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड की एक महिला ने प्रखंड आजसू अध्यक्ष अजय कुमार मंडल पर दुष्कर्म का असफल प्रयास करने का आरोप लगाया है, पीड़िता के बयान पर विष्णुगढ़ थाने में कांड संख्या 32/2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 74,75,75 ,79 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने इसे निराधार बताते हुए खुद को निर्दोष बताया है। थाने में दर्ज करवाये गये बयान में कहा है कि उसका पति काम धंधे को लेकर मुंबई में रहता है इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए आरोपी पर परेशान करने अभद्रता करने मर्यादा भंग करने और गंदी नियत से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है 23 फरवरी की रात आरोपी उसके घर गया और बाजबरन उसके घर घुस गया, तब महिला अपने बिस्तर पर सो रही थी। महिला ने बाजबरन दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा जिसका महिला ने विरोध किया। बचाव में महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ। इस संबंध में आरोपी से पूछने पर बताया कि मेरे ऊपर लगाया आरोप निराधार है साजिश के तहत मुझें फसाया गया है।

राजस्व कर्मचारी को दी गयी विदाई

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी विश्वंभर यादव आज सेवानिवृत हो गये इस आलोक में अंचल अधिकारी कक्ष में विदाई समारोह अंचल अधिकारी श्रवण झा की अध्यक्षता में की गयी संचालन अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र प्रसाद ने की अपने संबोधन में अंचल अधिकारी श्रवण झा ने सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी विश्वभर यादव को अंचल कार्यालय की ओर से सामूहिक अंगवस्त्र और उपहार देते हुए कहा कि अपने सेवाकाल में निर्विघ्न सेवा अंचल में दिये अब इनका दायित्व समाज के प्रति बढ़ जाता हे अपने लंबे अनुभवों से समाज के लोगों को बेहतर सुझाव देने का काम करेंगे सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी विश्वंभर यादव ने कहा सेवाकाल का बरकट्ठा अंचल एक स्वर्णिम समय मिला जो हमसे हो सका ग्रामीणों को बेहतर सेवा देने का प्रयास किया इतना कहकर वे भावुक हो गये मौके पर अंचल अधिकारी श्रवण झा, सीआई सुरेन्द्र प्रसाद, नाजिर अजीत कुमार, राजस्व कर्मचारी अमित सिंह, अमीन अजमल अंसारी, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार, मंजय कुमार, सलामत अंसारी समेत अंचल व प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र मरकच्चो के तीनों केंद्र परियोजना+2 उच्च विद्यालय देवीपुर, सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय मरकच्चो व अपग्रेड प्लस 2 उच्च विद्यालय जगदीशपुर में मैट्रिक परीक्षा चल रही है। 28 फरवरी को अंग्रेजी विषय की परीक्षा तीनों केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुवा। तीनों केंद्रों पर कुल 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक संपन्न

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के विस्थापितों ने रैयत विस्थापित मोर्चा आम्रपाली इकाई की एक संयुक्त बैठक कुमरांग कला धवलपुर मे किया गया। जिसकी अध्यक्षता निरंजन राणा, संचालन गणेश प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के युवाओं, मजदूरों को रोजगार से जोड़ने के लिए वैकल्पिक रोजगार के लिए आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में अभिलंब मैन्युअल लोडिंग चालू करने, निजी कंपनियां में विस्थापितों के लिए 75 प्रतिशत रोजगार पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मैन्युअल लोडिंग अभिलंब चालू करो, 75प्रतिशत स्थानीय को रोजगार देना होगा से अपनी आवाज बुलंद की गयी। इस मौके पर आदित्य साहू, लखन साहू, प्रकाश यादव, लखन प्रसाद गुप्ता, दिलेश्वर यादव, सूदन गंझु, शशि कुमार, अनिरुद्ध साहू, सुरेश साहू, राजेश चौधरी, रामलाल उरांव, जयराम उरांव, राजेंदर उरांव समेत सैंकड़ों विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर

कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के कुजू स्थित कुजू नर्सिंग होम के पास गुरुवार की देर शाम आगे आगे चल रहे अज्ञात हाईवा को बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को इलाज हेतु कुजू नर्सिंग होम में ले जाया। जहां युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया। वही, घटना के बाद हाईवा चालक हाईवा लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे कुजू निवासी राजीव कुमार (उम्र 24 वर्ष) पिता मिथिलेश पंडित अपनी नयी पल्सर बाइक संख्या जेएच 24 एम 4859 से अपने निजी कार्य करके घर लौट रहा था। इसी बीच अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक ने अपने आगे चल रहे हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक को गंभीर चोटे आई है। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को इलाज हेतु स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने रांची रिम्स रेफर कर दिया।

मनीष जायसवाल मिले शोकाकुल परिजनों से

कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल गुरुवार की देर रात भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के दिगवार स्थित आवास पहुंचे। जहां मनोज गिरी के दादा बिगु गिरी की बहन सदूम देवी (75 वर्ष) के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। साथ ही, हाल-चाल जाना। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, राजीव जायसवाल, रंजन चौधरी, कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, विजय गिरी, विनोद प्रसाद, भागीरथ गिरी, वरुण गिरी, सुनील गिरी, राहुल गिरी समेत कई लोग शामिल रहे।

हेडूम में सेविका और सहायिका के चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन

लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के हेडूम पंचायत के जोजवारी और मूर्तिया टांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सहायिका के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जोजवारी आंगन बाड़ी में सहायिका के लिए पांच आवेदन आये थे जिसमें नियमानुसार चयनित करते हुए जोजवारी आंगनबाड़ी केंद्र के लिए रेणु कुमारी पति संतोष गंझु का चयन किया गया। इसके अलावा मूर्तियां टांड़ में सहायिका पद के लिए योग्यता के अनुसार एक आवेदन रीना देवी पति राजेश सिंह भोक्ता का था, जिसे चयन किया गया। इस दौरान सीडीपीओ ने बताया कि सेविका और सहायिका के चयन पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच बिना भेदभाव के निष्पक्ष और स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया है इसका परिणाम भी तत्काल घोषित कर दिया गया। मौके पर सीडीपीओ रीना साहू, मुखिया संतोष राम उप प्रमुख महम्मूद खान, समाजसेवी छटू सिंह भोक्ता सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

बरकाकाना में आयोजित सीसीएल अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। नया नगर बरकाकाना स्थित सामुदायिक भवन में सीसीएल अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सीसीएल (कल्याण) रेखा पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार और डीएवी बरकाकाना के पूर्व प्राचार्या डॉ उर्मिला सिंह उपस्थित रहे। समारोह का संचालन रणविजय विश्वकर्मा ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली की भूमिका में नेशनल रेफरी आलोक सिंह, स्टेट रेफरी आकाश कुमार और ऋषि कुमार उपस्थिति रहे। प्रतियोगिता के दौरान मेडिकल टीम में डॉ चंदन कुमार और विवेक राज उपस्थित रहे। केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार और आयोजन मंडली के सदस्यों ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों व दर्शकों ने खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ावा दिया। प्रतियोगिता के ओपन मेंस सिंगल में बरका सयाल के शशि प्रकाश को पराजित कर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के निखिल कुमार बने चैंपियन। वही टीम चैंपियनशिप में बरकासयाल को हरा कर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना बना टीम चैंपियन। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सीसीएल कल्याण रेखा पाण्डेय ने आयोजन मंडली के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने खिलाड़ियों के मेहनत व जज्बा को सलाम करती हैं, साथ ही भविष्य में खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करती हैं। मौके पर एरिया फाइनेंस मैनेजर एस सफीक, आलोक मनीष सोई, विक्की कुमार, प्रदीप कुमार, शशि पंकज, गंगेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्नू, रंजीत सिंह, उमेश कुमार, राजेश झा, मनोज बारा, राम शब्द राम, सतपाल वोहरा, रतन कुमार, सुशील कुमार, दिलेंद्र सिंह, नैयर जाफरी, प्रदीप धर, शंकर मिस्त्री, शक्ति शरण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी सप्ताह के अंतिम दिन कार्यक्रम

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की सदस्या और रामगढ़ कॉलेज से सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका डॉ शारदा प्रसाद ने देवनागरी लिपि परिषद, संस्कृति शिक्षा न्यास और विश्व मातृ दिवस के संयुक्त कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अवैध कोयला खनन के खिलाफ अभियान शुरू, डीसी-एसपी सक्रिय

अवैध सुरंगों और खनन स्थल को देख हैरान हुए अधिकारी, दिखा खौफनाक मंजर

अवैध खनन और कारोबार पर करें कड़ी कार्रवाई, कोताही नहीं बरतें: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ में अवैध कोयला तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए डीसी चंदन कुमार काफी गंभीर है। उन्होंने तस्करी और खनन रोकने के लिए शुक्रवार को पूरी प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उनके साथ एसपी अजय कुमार सहित कई अधिकारी शामिल थे। डीसी चंदन कुमार पूरे अमले के साथ सबसे पहले वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कोतरे जंगल पहुंचे। जिसके बाद अवैध खनन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन का नजारा देखकर हैरान हो गये। अवैध खनन स्थल पर बड़ी बड़ी सुरंगें बनायी गयी थीं। कोयला तस्कर इसी सुरंग से अवैध उत्खनन कर कोयला निकलवाते है। जिसे ट्रकों के माध्यम से मंडी भेज रहे है। लेकिन वर्षों से हो रहे अवैध खनन के कारण पूरे क्षेत्र में जानलेवा सुरंग बन गया है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

अवैध खनन और जानलेवा सुरंग देख डीसी ने दी कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश : अवैध खनन स्थल और जानलेवा सुरंग देखकर डीसी चंदन कुमार ने मौजूद अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने तत्काल जानलेवा सुरंगों को बंद कर तस्करों को चिह्नित कर कार्यवाई करने का निर्देश दिया। जिसके बाद कई सुरंगों को डोजर के माध्यम से बंद कराया गया। मौके पर डीसी चंदन कुमार ने कहा कि वैसे स्थानों का चिह्नित करें। जन्हा पर अवैध खनन और कारोबार होने की संभावना हो। उस इलाके पर नजर रखकर लगातार कार्यवाही करे। ताकि कोयला तस्कर अवैध खनन करवाने में असफल साबित हो। अगर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति हुई तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाई निश्चित है।

कौन-कौन थे मौजूद

निरीक्षण के क्रम में डीएफओ नितेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक सहित वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद सहित कई थाना व ओपी प्रभारी के अलावे अंचल अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

भाजपा और प्रशासनिक पदाधिकारी आमने-सामने

दलगत भावना से प्रेरित होकर काम कर रहे हैं प्रशासनिक पदाधिकारी : रामदेव सिंह भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। भाजपा और जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी आमने-सामने हैं। सांसद द्वारा अमर्यादित भाषा के प्रयोग करने के विरुद्ध 27 फरवरी को प्रशासनिक पदाधिकारी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया तो भाजपा ने भी प्रशासनिक पदाधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। 1 मार्च को भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्त्ता काला बिल्ला लगाकर प्रशासनिक अधिकारियों का विरोध करेंगे, 2 मार्च को सभी कार्यकर्त्ता अपने अपने प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन तथा 4 मार्च को जिला में उग्र प्रदर्शन कर हल्ला बोल - पोल खोल आंदोलन करने का एलान किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को सांसद आवास पर बैठक किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष और जिला कार्यसमिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में सभी नेताओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ चरणबद्ध अंदोलन करने का दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की पंचायत से लेकर जिला व राज्य तक लूट मचा हुआ है। जिसके विरोध में भाजपा का प्रत्येक सिपाही को अपनी ताकत झोंक देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा देशहित मे अपना जान दांव पर लगा कर देशभक्ति का परिचय देते है। उसी ताकत के साथ इस हल्ला बोल पोल खोल अंदोलन मे ताकत दिखाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी पूरी तरह से अपने आप को होली के पहले ही खास राजनीतिक दल के रंग में रंग लिए हैं। इन पर राजनीतिक दल का खुमार छाया हुआ है। उन्हें पता नहीं है कि उनके नाक के नीचे भ्रष्टाचार का बोल बाला है। वे राजनीतिक दल के खास व्यक्तियों की सेवा में लगे हैं । उन्होंने कहा की चतरा जिला में नौकरशाह पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है। वह जनप्रतिनिधियों की बात सुनते ही नहीं है। पंचायत से लेकर जिला तक प्रशासन पूरी तरह से दलगत भावना से प्रेरित होकर काम कर रही हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य शैली में सुधार लाये अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, जिले के सभी पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष सहित पार्टी के वरीय नेता और कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

गोला में एक व्यक्ति की पीटकर हत्या

आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ थाना में किया प्रदर्शन

घटना गोला के तोयर गांव की, भूमि विवाद में हुई हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। थाना क्षेत्र के तोयर गांव में एक व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी। घटना का अंजाम उस समय दिया गया वह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। घटना के संबंध में बताया गया कि तोयर गांव निवासी अब्दुल कादिर 45वर्ष पिता खलील अंसारी गुरुवार कि सुबह अपने मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान इसी गांव निवासी मासूम अंसारी, तमन्ना प्रवीण, इस्लाम अंसारी, साजदा खातून ने मिलकर घर के सामने पीछे से लाठी से माथा में वार कर दिया। जिससे कादिर मोटर साईकिल के साथ गिर गये। गिरने के बाद भी लाठी से मारा गया। इसके बाद मारने वाले उक्त सभी लोग एक घर में घुस गये। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में कादिर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया। जहां प्राथमिक क्लास के बाद उसे रेफर कर दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। इधर हत्या के बाद पुलिस ने उक्त चारो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया। लेकिन तमन्ना प्रवीण को पुलिस ने छोड़ दिया। इसके आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ गोला थाना में प्रदर्शन किया। काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस घटना के अंजाम देने वाले लोगों को गिरफ्तार तो किया लेकिन छोड़ भी दिया। पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। करीब एक घंटे बाद दोषियों पर कार्रवाई करने के पुलिस के आश्वासन के बाद लोग माने। बताया गया कि अब्दुल कादिर और मासूम अंसारी रिश्ते में चचेरा भाई है। दोनों के बीच बरसों से जमीन विवाद चल रहा है। पिछले दिनों इसके लिए पंचायत स्तर पर एक मीटिंग भी हुई थी। मृतक की पत्नी ने थाना में आवेदन देकर अपने पति का हत्या का आरोप इस्लाम अंसारी और बेटा मसूक अंसारी, बेटी तमन्ना प्रवीण और पत्नी साजदा खातून पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों को भविष्य के प्रौद्योगिकी और अधिक नवीन विचार उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करेगी: बी एन साह

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को भौतिकी विभाग के तत्वावधान में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, माइक्रोबायोलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, कृषि विभाग के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और वैज्ञानिक मॉडल के रूप में नवीन विचारों को प्रस्तुत किया। सभी मॉडलों में भौतिकी विभाग के रडार सिस्टम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंजीनियरिंग विभाग के एक्सीडेंटल अलार्म व्हीकल और कृषि विभाग के इको फ्रेंडली इनोवेशन ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, नर्सिंग विभाग से मनुष्य का पाचन तंत्र और भौतिकी विभाग से जल स्तर डिटेक्टर ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता और प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिया गया है। मौक पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी हमारे छात्रों को भविष्य के प्रौद्योगिकी के लिए और अधिक नवीन विचार उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। वहीं, सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम का काफी सराहना की और बधाई दी।

छात्र नवीनतम तकनीक के साथ अपने ज्ञान को अद्यतन कर सकते: धीरज: धीरज कुमार कुशवाह ने कहा कि छात्रों में अपनी सैद्धांतिक अवधारणा को प्रौद्योगिकी में लागू करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विभाग में और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी आश्वासन दिया ताकि छात्र नवीनतम तकनीक के साथ अपने ज्ञान को अद्यतन कर सकें। कार्यक्रम के प्रबंधन में राहुल चंद्र मंडल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मौके पर विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

विज्ञान प्रदर्शनी की प्रशंसा

विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने विज्ञान प्रदर्शनी का काफी प्रशंसा किया और विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दिए। प्रति कुलपति, परीक्षा नियंत्रक, विज्ञान संकाय डीन और सहायक प्रो वनस्पति विज्ञान सहित चार जजों ने मॉडल का मूल्यांकन किया। सभी जजों ने कहा कि प्रतियोगिता बहुत कठिन है और सभी में से सर्वश्रेष्ठ मॉडल ढूंढना भी बहुत कठिन है।

डीसीसी और डीएलआरसी की बैठक में दिये कई निर्देश

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप महली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। डीडीसी ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों, प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने और गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। वही, डीडीसी ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराये जा रहे ऋण में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मुद्रा लोन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में एलडीओ आरबीआई, जिला कल्याण पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

कोयला गाड़ी के कागजात जांच करने पहुंची बंगाल पुलिस, मचा हड़कंप



गिद्दी (आजाद सिपाही)। थाना गिद्दी क्षेत्र के सीसीएल कोलियरी गिद्दी सी में सीबीआई टीम के जाने के बाद तीसरे दिन बंगाल पुलिस आ पहुंची। पुलिस दल के आने के बाद गिद्दी 'सी' कार्यालय में फिर से अफरा तफरी मची। मामला यह भी परियोजना रोड सेल में ट्रक लदाई कागजातों से जुड़ा था। बंगाल पुलिस के बॉर्डर में कोयला लादकर ट्रक गाड़ियां कोलियरी गिद्दी 'सी' से गई हुई थी। जिसके कागजों के सत्यापन के लिए बंगाल पुलिस का एक दल पुलिस सब इंस्पेक्टर सलील ठाकुर के नेतृत्व में गिद्दी पुलिस के संपर्क में आया। इसके बाद बंगाल और झारखंड की पुलिस ने रोड सेल गिद्दी सी से जुड़े लोडिंग कागजातों की जांच पड़ताल किया। कागजातों की जांच पड़ताल के बाद बंगाल पुलिस वापस लौट गयी। जांच में कागजात सही होने के बारे में बताया जा रहा है। जांच दल में बंगाल पुलिस के सब इंस्पेक्टर सलील ठाकुर, मोहम्मद सरफुद्दीन, गिद्दी थाना के मोहन कुमार, मैनेजर आरके ठाकुर समेत कई जवान उपस्थित थे।

डीडीसी ने की जिला कौशल अनुश्रवण और कार्यान्वयन समिति की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छत्तरमाडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला कौशल अनुश्रवण और कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत के द्वारा डीडीसी सहित समिति के अन्य सदस्यों को जिला कौशल अनुश्रवण और कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि समिति द्वारा जिले में कौशल विकास की संभावनाओं को तलाशने और उस दिशा में आगे कार्य करने को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान डीडीसी के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ रामगढ़ जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

अज्ञात महिला का शव बरामद

पतरातू(आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र के ग्राम बरतुआ के पहाड़ी इलाके में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला की पहचान नहीं हो पायी है। बताया जा रहा है कि गांव के ही कुछ युवक बेलों को चराने के लिए पहाड़ी क्षेत्र में गए थे। तभी उन लोगों ने शव को देखा। जिसकी खबर गांव में फैल गयी। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात महिला के शव का सिर गायब है। ग्रामीणों के अनुसार संभवतः महिला की हत्या कर उसे पहाड़ के क्षेत्र में फेंक दिया गया है। शव अधजला हालत में है महिला का शव लगभग दो-तीन हफ्ते पुराना बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी है।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

निविदा सूचना सं.: ई निविदा/जीएसयू/2025/02। भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाएं संबंधित मदों के लिए उल्लिखित तिथि को 15:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और 15:30 बजे खोली जाएंगी: क्रम सं.; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि: (1); ई-केजीपी-जीएस-03-2025; खड़गपुर-भद्रकः खड़गपुर मंडल के सीपीएम/जीयूएस/केजीपी के तहत मार्ग बी पर किलोमीटर 115.40 से किलोमीटर 287.20 तक 130 किमी प्रति घंटा या उससे अधिक गति के लिए सुरक्षा बाड़ लगाने की व्यवस्था; ₹ 142,14,84,041.11; ₹ 72,57,400.00 (2); ई-केजीपी-जीएस-04-2025; हावड़ा से डुयां एवं चालिचक-राखामाइन्सः खड़गपुर मंडल के सीपीएम/जीयूएस/केजीपी के तहत मार्ग ए पर किलोमीटर 0 से किलोमीटर 233.40 तक 130 किमी प्रति घंटा या उससे अधिक गति के लिए सुरक्षा बाड़ लगाने की व्यवस्था; ₹ 177,20,64,194.03; ₹ 90,10,300.00। निविदा दस्तावेज़ लागत: ₹0.00 (क्रम सं. 1 और 2 के लिए); निविदा खोलने की तिथि: 16/04/2025 (क्रम सं. 1 और 2 के लिए); कार्य की पूर्णता अवधि: 12 माह (क्रम सं. 1 और 2 के लिए)। बोली जमा करने की प्रारंभ तिथि: 02.04.2025 से और 16.04.2025 को 15:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/निर्देशों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। नोट: संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। (PR-1195)

AFFIDAVIT

As per Affidavit No. 164, Date 11/02/2025 I, Devanand Gope S/o Late Sohrai Shankar Lal Gope resident of Shanti Niwas Jorar, Namkum, Distt. Ranchi, Jharkhand - 834010. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian citizen and living in above mentioned address home.
2. That in my son's Aadhar Card bearing Aadhar No.5224 6131 3012 name is mentioned as Kavya Vedansh, which is wrong.
3. That my son correct name is Vedansh Kumar Gope according to Birth Certificate bearing Registration No. B202 420900320014262 date of issue 16/07/2024 issued from Municipal Corporation, Ranchi.
4. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my son's name Vedansh Kumar Gope in place of Kavya Vedansh in my son's Aadhar Card.
5. That my above statements are true and correct

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 19142 दिनांक 30.01.2025 मैं अरूण राम, पिता स्व० राम बालक, उम्र लगभग 48 वर्ष, धर्म हिन्दु, पेशा मजदुरी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी ग्राम - शिव मंदिर, भदानीनगर, पो०- भदानीनगर, थाना-पतरातू, जिला रामगढ़ (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि :-
1. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम वंदना कुमारी है जो उसके आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। आधार नं0 6588 3122 4039
2. यह कि, मैं अपनी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना में पुकारू नाम गुनगुन कुमारी के नाम से खाता खुलवा दिया, जिसका खाता सं० 8515483251 है।
यह कि वंदना कुमारी एवं गुनगुन कुमारी पिता अरूण राम दोनों नाम एक ही लडकी का हैं जो मेरी पुत्री है।
यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्री का सही नाम वंदना कुमारी दर्ज करवाने हेतु पोस्ट ऑफिस के सक्षम पदाधिकारी को देने हेतु बनवा रहा हूँ।
5. यह कि, मेरे द्वारा दिया गया उपरोक्त कथन सत्य व सही है एवं गलत पाये जाने पर कानूनन दण्ड का भागी बनूंगा।

ग्रीन कार्ड से कमाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीजा-सिटिजनशिप पॉलिसी पर एक और बड़ी घोषणा करके फिर सबको चौंका दिया है। गोल्ड कार्ड के जरिए अमीर विदेशियों को अमेरिका में स्थायी निवास की सुविधा और नागरिकता की राह मुहैया कराने का उनका ऐलान दुनिया भर में तीखी बहस की वजह बन गया है।

44 करोड़ देने होंगे : अमल में आ जाये तो यह स्कीम अमीर विदेशियों को अमेरिकी नागरिकता मुहैया कराने का सबसे आसान उपाय साबित हो सकती है। जिस एइ-5 कार्यक्रम का विकल्प इसे बताया जा रहा है, उसमें भी अमेरिकी बिजनेस में निवेश या कम से कम 10 अमेरिकियों को रोजगार उपलब्ध कराने जैसी शर्तें जुड़ी हैं। मगर इस नई योजना में तो 50 लाख डॉलर (करीब 44 करोड़ रुपये) का भुगतान करने भर से गोल्ड कार्ड मिल जाने की बात है।

आमदनी पर निगाहें : ट्रंप का जोर भी इस नयी योजना से अमेरिका को होने वाली आमदनी पर ही ज्यादा दिख रहा है। हालांकि कई अन्य देश इस तरह की सुविधा पहले से दुनिया भर के अमीरों को मुहैया कराते हैं, लेकिन वे छोटे-छोटे देश हैं। अमेरिका जैसे देश का ऐसी योजना लेकर आना बड़ी घटना होगी। स्वाभाविक ही, इससे सुरक्षा जैसे सवाल भी जुड़ते हैं, क्योंकि ऐसी सुविधाओं का फायदा उठाने वालों में अपराधी तत्व भी होते हैं, जो अपने देश के कानून से बचने के लिए ऐसा करते हैं।

अमेरिका में इमिग्रेशन पॉलिसी में किसी भी बड़े बदलाव को कांग्रेस की मुहर चाहिए होती है। यह आशंका भी है कि कहीं इसकी गत ट्रंप की नागरिकता संबंधी घोषणा जैसी न हो, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है।

टैलंट पर जोर नहीं : भले ट्रंप कह रहे हों कि कंपनियां इस योजना के जरिए टैलंटेड स्टूडेंट्स को ज्यादा आसानी से हायर कर पायेंगी, लेकिन यह साफ है कि नयी पॉलिसी का जोर टैलंट से ज्यादा पैसों पर है। ऐसे में इस पॉलिसी का नुकसान उन लोगों को हो सकता है, जो टैलंट की बदौलत अमेरिका में काम कर रहे हैं और बरसों से ग्रीनकार्ड के इंतजार में हैं। इनमें भारतीयों की अच्छी-खासी संख्या है।

व्यावहारिकता का पहलू : अभी इस घोषणा के साथ कई तरह के किंतु-परंतु जुड़े हैं। अमेरिका में इमिग्रेशन पॉलिसी में किसी भी बड़े बदलाव को कांग्रेस की मुहर चाहिए होती है। यह आशंका भी है कि कहीं इसकी गत ट्रंप की नागरिकता संबंधी घोषणा जैसी न हो, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है। इन सबके बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति की इस घोषणा से यह सवाल ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आया है कि क्या सचमुच पैसा 'स्वर्ग' में बिना शर्त एंट्री दिला सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसने भारत में चुनाव प्रभावित करने के लिए 21 मिलियन डालर खर्च किये। ट्रंप ने सवाल उठाया कि क्या इसके जरिए बाइडेन किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप का यह बयान उस समय आया, जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने 16 फरवरी को अपनी एक रिपोर्ट में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवल्पमेंट (यूएस-एड) द्वारा भारत में मतदान प्रतिशत हेतु अमेरिकी वित्तपोषण का भंडाफोड़ किया था।

भीतरी और बाहरी दुश्मनों से सावधान!

बलबीर पुंज

यह दिलचस्प है कि स्वयं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सार्वजनिक रूप से चार बार से अधिक भारतीय चुनाव में अमरीकी दखलअंदाजी की बात स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन भारत में एक वर्ग इसे झुठलाने में लगा है। कहीं यह अपनी असलियत सामने आने की बौखलाहट तो नहीं? यह कोई पहली बार नहीं है।

अनादिकाल से भारत एक महान आध्यात्मिक शक्ति रहा है। 250 वर्ष पहले तक हम विश्व की सबसे मजबूत आर्थिक शक्ति थे। लगातार संघर्ष के बाद भी हम लगभग 600 वर्षों इस्लाम, तो 200 साल अंग्रेजों के अधीन रहे। यह तब हुआ, जब हम शौर्य और किसी भी साधन में कम नहीं थे। शताब्दियों तक चली इस परतंत्रता का एक बड़ा कारण वह वर्ग रहा, जो अपने निहित स्वार्थ के लिए किसी न किसी शत्रु से जा मिला और हम कमजोर होते गए। क्या इस दुखद इतिहास में हमने कुछ सीखा? शायद नहीं। हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर भारत में 182 करोड़ के भारी-भरकम अमेरिकी वित्तपोषण का खुलासा करते हुए इसे बंद कर दिया। यह पर्दाफाश इस बात को रेखांकित करता है कि बढ़ते भारत पर लगाम लगाने के लिए विदेशी शक्तियां किस तरह बेसब्र हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसने भारत में चुनाव प्रभावित करने के लिए 21 मिलियन डालर खर्च किये। ट्रंप ने सवाल उठाया कि क्या इसके जरिए बाइडेन किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप का यह बयान उस समय आया, जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने 16 फरवरी को अपनी एक रिपोर्ट में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवल्पमेंट (यूएस-एड) द्वारा भारत में मतदान प्रतिशत हेतु अमेरिकी वित्तपोषण का भंडाफोड़ किया था। इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बंगलादेश में राजनीतिक हालात मजबूत करने के नाम पर भी 29 मिलियन डालर (251 करोड़ रुपये) खर्च किये गये थे। बंगलादेश में पिछले साल एक नाटकीय घटनाक्रम में शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना और अपनी जान बचाने के लिए देश छोड़कर भागना पड़ा था, तब से वहां अल्पसंख्यक, विशेषकर बंगलादेशी हिंदुओं को चिन्हित करके प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रशासनिक समर्थन से उनका मजहबी दमन किया जा रहा है। ऐसे में ट्रंप के खुलासे से मामले की गंभीरता से कहीं अधिक बढ़ जाती है।

वित्त वर्ष 2017-18 और 2021-22 के बीच एनजीओ को लगभग 89 हजार करोड़ रुपये का विदेशी चंदा प्राप्त हुआ था।

दरअसल, यह बाहरी दखल उस तानाशाही और विस्तारवादी सोच की नुमाइंदगी करता है, जिसका काम अपने स्वार्थ और एजेंडे के लिए इतिहास, भूगोल और संस्कृति को बदलना है। वह जमाना लद चुका, जब सेना भेजकर किसी देश पर कब्जा करके वहां के स्थानीय समाज-संस्कृति को मिटा दिया जाता था। वह मानसिकता आज भी जिंदा है, लेकिन उसका तरीका बदल गया है। अब इनके हथियार राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, मजहब और आर्थिकी से जुड़े झूठे नैरेटिव हैं। वे चिन्हित देशों में ऐसे बिकाऊ लोगों की फौज खड़ी करते हैं, जो कई मुखौटे (एनजीओ सहित) पहन कर उनके एक इशारे पर अपने ही देश के खिलाफ काम करने लगते हैं। इनमें से कई वैचारिक, राजनीतिक और मजहबी कारणों से, तो कुछ सिर्फ चंद पैसों के लिए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाते है। इसी कुनबे में कुछ राजनीतिज्ञों के साथ मीडिया का एक वर्ग और कई स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) भी शामिल हैं। वे न केवल विदेशियों से सत्ता पाने के लिए सहयोग लेते हैं, बल्कि विदेश जाकर खुलेआम लोकतंत्र बचाने के नाम पर मदद भी मांगते हैं।

यह दिलचस्प है कि स्वयं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सार्वजनिक रूप से चार बार से अधिक भारतीय चुनाव में अमरीकी दखलअंदाजी की बात स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन भारत में एक वर्ग इसे झुठलाने में लगा है। कहीं यह अपनी असलियत सामने आने की बौखलाहट तो नहीं? यह कोई पहली बार नहीं है। विशेष कर 2014 के बाद जब भी किसी देशविरोधी कृत्यों में शामिल होने के आरोप में किसी एनजीओ या व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होती है, तो उसे वाम-जिहादी-सैकुलर कुनबा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर कुठाराघात बता देता है। सच तो यह है कि आजादी के बाद कई राजनीतिक दलों ने अलग-अलग समय, देश में विदेशी शक्तियों से उपजे खतरे का संज्ञान लिया है। चाहे वर्ष 1984 में सीपीएम नेता प्रकाश करात हों, या 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह या फिर 2022 में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन– इन सभी ने अलग-अलग शब्दों में विदेशी ताकतों (एनजीओ सहित) के जहरीले मंसूबों को रेखांकित किया है।

एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2017-18 और 2021-22 के बीच एनजीओ को लगभग 89 हजार करोड़ रुपये का विदेशी चंदा प्राप्त हुआ था। वर्ष 2012 से 2024 तक गृह मंत्रालय कुल 20,721 एनजीओ का विदेशी अंशदान पंजीकरण (एफसीआरए) रद्द कर चुकी है। आखिर विदेशों से एनजीओ को मिल रहे बेहिसाब पैसे का असल मकसद क्या है? क्या यह सच नहीं कि पर्यावरण या मानवाधिकार आदि का मुखौटा लगा कर कुछ संगठन और व्यक्ति-विशेष विदेशी शक्तियों के एजेंडे मे भारत की स्वतंत्रता को कमजोर करना, उसकी एकता-अखंडता को तोड़ना और उसकी आर्थिक तरक्की को रोकना चाहते हैं? पिछले साल अमेरिकी तकनीकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में आगाह किया था कि चीन भारत में चुनावों को आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) से प्रभावित करने की कोशिश कर सकता है।

इसी पृष्ठभूमि में बीते दिनों ही चीन ने अपना स्वदेशी एआइ उपक्रम डीप-सीक विकसित किया है, जो तकनीकी इंकलाब कम, विस्तारवादी चीन का भोंपू ज्यादा है। उपरोक्त घटनाक्रम से हमें समझना होगा आधुनिक युद्ध अब सिर्फ सरहदों पर ही नहीं लड़े जाते। हमें बाहरी शत्रुओं के साथ अंदरुनी दुश्मनों से भी सावधान रहना होगा। एक बहुत बड़ी मानवीय-भौगोलिक कीमत चुका कर जब हम सदियों की गुलामी से आजाद हुए, तो 40 साल की वामपंथ प्रेरित समाजवादी बेड़ियों ने हमारी कमर तोड़ दी।

कोल्हान की खबरें

जनसुविधा प्रतिनिधि मंडल ने जमशेदपुर अक्षेस में सौंपा मांग पत्र

सुविधा बहाल करने की मांग की

साफ-सफाई और कचरा उठाव और हाइमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट का मरम्मती कार्य में पदाधिकारियों के उदासीन रवैये को लेकर नागरिकों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अक्षेस क्षेत्र में नाली जाम रहने, कचरों का उठाव समय पर नहीं होने, हाईमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट का मरम्मती समय पर नहीं होने से हो रही आम नागरिकों की परेशानियों को लेकर विधायक सरयू राय द्वारा मनोनित जनसुविधा प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुकुल मिश्रा के नेतृत्व में जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से मिला। ज्ञापन सौंप कर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने उप नगर आयुक्त को बताया सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर जैसे जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से संबंधित क्षेत्रों में साफ-सफाई और कचरा उठाव और हाइमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट का मरम्मती कार्य में पदाधिकारियों के उदासीन रवैये को लेकर नागरिकों में काफी आक्रोश है। समय पर साफ-सफाई और कचरा उठाव नहीं होने के कारण लागों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसे गंभीरता से नहीं लेने से काफी परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने संवेदकों द्वारा निविदा की शर्तों के अनुरूप मजदूरों को सफाई कार्य में नहीं लगाना। सोनारी, कदमा के गैर कम्पनी क्षेत्रों में कचरों से नाली जाम रहना। चैक-चैराहों पर से कचरों का उठाव समय से नहीं होने के कारण कचरो का अंबार लगना और दुर्गंध उत्पन्न होना। घर-घर कचरा उठाव नियमित नहीं होना तथा गाड़ी खराब होने का बहाना बनाना। जेसीबी और ट्रैक्टर उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाकर टालते रहने के कारण कई स्थानों पर कचरों का अंबार लग जाना आदि मामला शामिल है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने उप नगर आयुक्त को बतया यदि उपर्युक्त समस्याओं का समाधान की दिशा में 6 मार्च तक कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है और इसका संतोषजनक परिणाम नहीं मिलता है तो इसके पश्चात 7 मार्च को आम नागरिकों के साथ जमशेदपुर अक्षेस के गेट पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया सफाई संवेदकों का टेंडर समाप्त हो गया है। शीघ्र टेंडर के माध्यम से संवेदक बहाल होंगे और साफ-सफाई और कचरा उठाव के कार्य में गंभीरता पूर्वक लग जायेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया वे इस मामले को लेकर काफी गंभीर हैं जो भी कमियां हैं उसे दूर कर लिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के जनसुविधा प्रतिनिध धर्मेन्द्र प्रसाद, स्वास्थ्य सेवा प्रतिनिधि नीरज सिंह, बिष्टुपुर के प्रतिनिधि सन्नी सिंह, साकची के प्रतिनधि विवेक पांडेय, मानगो के प्रतिनिधि पिंटु सिंह, उलीडीह के प्रतिनिधि संतोष भगत, प्रदीप सिंह, अतुल सिंह उत्तम कुमार आदि उपस्थित रहे।

टाटा कंपनी के विस्थापितों ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा

विस्थापितों ने पुनर्वास मुआवजा, रोजगार, विस्थापित प्रमाण पत्र, जमीन वापसी और 1996 के सर्वे खतियान को रद्द करने की मांग उठाई

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के विस्थापित परिवारों के प्रतिनिधि मंडल झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान लंबे समय से लंबित मांगों को उनके समक्ष रखा। विस्थापितों ने पुनर्वास मुआवजा, रोजगार, विस्थापित प्रमाण पत्र, जमीन वापसी तथा 1996 के सर्वे खतियान को रद्द करने की मांग उठाई। राज्यपाल श्री गंगवार ने विस्थापितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया वे इस विषय पर जल्द ही राज्य सरकार से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा राज्य के भू-सुधार मंत्री दीपक बिरुआ को राजभवन बुलाकर इस मामले पर विस्तार से बातचीत की जायेगी ताकि उचित समाधान निकाला जा सके। प्रतिनिधिमंडल में हरमोहन महतो, दीपक रंजीत, अशोक गौड़, गौर हेमब्रम, अबोध सिंह सरदार, अभिमन्यु गौड़, रामचंद्र महतो, अशीम प्रधान, सोमनाथ मुखर्जी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

डॉ. राजेंद्र प्रसाद सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल थे, वे संविधान सभा के अध्यक्ष रहे और डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ मिलकर भारत के संविधान में सभी वर्गों को समाहित करने वाला बनाने में अहम भूमिका निभायी : जिला अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य आथिति जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। मौके पर उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिला अध्यक्ष ने कहा डॉ. राजेंद्र प्रसाद सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल थे। वे संविधान सभा के अध्यक्ष रहे और डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ मिलकर भारत के संविधान में सभी वर्गों को समाहित करने वाला बनाने में अहम भूमिका निभायी। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश सचिव सामंता कुमार, खगेनचंद्र महतो, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रंजीत सिंह, अशोक सिंह क्रांतिकारी, सन्नी सिंह, मुन्ना मिश्र, रंजीत झा, अनंत लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

सरायकेला खरसावां जिले में खनन विभाग ने चलाया औचक छापामारी अभियान

चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध खनन विभाग की लगातार कार्रवाई देखने को मिल रही है। बीती रात चांडिल थाना अंतर्गत कांदरबेरा चौक के समीप खनन विभाग ने औचक छापामारी कर बालू और आयरन ओर लदे वाहनों की कागजत की जांच की। साथ ही कांड्रा थाना अंतर्गत पदमपुर के समीप भी जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी तरह का अवैध परिवहन संबंधित मामला नहीं पाया गया है। वहीं इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औचक छापेमारी कर अवैध खनन के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन के कारोबार में सम्मिलित पाया जाता है तो उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापामारी अभियान के दौरान खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा और खनन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारत के महान भौतिक विज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता, सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की वर्षगांठ के अवसर पर, बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. के. राय, सहायक प्रोफेसरगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. एस. के. राय के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने भौतिकी के क्षेत्र में सर सी. वी. रमन के महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कैसे विज्ञान ने हमारे दैनिक जीवन को सरल और सुगम बना दिया है। कॉलेज के चेयरमैन, डॉ. एसके सिंह ने दूरभाष के माध्यम से कॉलेज परिवार को विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और विज्ञान के महत्व पर अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर विज्ञान पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन नैनी गिरि और क्विज प्रतियोगिता का संचालन रतन कुमार शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दीपा मुंडा के द्वारा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की सफलता में बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग के डॉ अभिनंदन मखाल, नंद किशोर दास, डॉ. अंकिता साहू व अनंता चटर्जी का विशेष सहयोग रहा।

क्रिकेट टूर्नामेंट में कुंभी ने बनखेता को 56 रनों से हराया

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुंभी मैदान में खेले जा रहे अरंगी पंचायत क्रिकेट लीग टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मैच का उद्घाटन समाजसेवी अजय विश्वकर्मा ने फीता काटकर तथा बॉल को हिट कर किया। टूर्नामेंट में आधा दर्जन टीमें भाग लिया जिसमें फाइनल मैच बनखेता तथा कुंभी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। बनखेता टीम के कप्तान कृष्णा यादव ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। कुंभी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 136 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी बनखेता की टीम ने 10 .5 ओवर में ही ऑल आउट हो गया। इस तरह कुंभी की टीम ने 56 रनों से मैच को एक तरफ जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को शिल्ड व मेडल तथा दस हजार रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया। वही उपविजेता बनखेता टीम को शिल्ड व मेडल प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच के लिए कुंदन पटेल, मैन ऑफ द सीरीज के लिए सुरेंद्र सिंह तथा बेस्ट गेंदबाज के रूप में सुरेंद्र ठाकुर को समिति द्वारा नामित किया गया। टूर्नामेंट में कंचन ने 33 रन तथा ओमप्रकाश ने 30 रन, रविरंजन 17 रन बनाये जबकि वेदप्रकाश ने सर्वाधिक 16 विकेट लिया। वहीं प्रभात ने 4, अंकित ने 2 विकेट लिया। उद्घाटन मैच के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भरत चौधरी, सतेंद्र चौधरी, सत्यनारायण यादव, प्रदीप सिंह, भोला सिंह, महेंद्र यादव, वासुदेव चौधरी आदि शामिल थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रविरंजन विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की समस्या, मरीज परेशान

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है। सीएचसी परिसर में लगे पानी का मोटर पिछले एक सप्ताह से खराब हो जाने के कारण पानी की आपूर्ति ठप हो गयी है। इस वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर और कर्मचारी को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अस्पताल में पानी की सप्लाई के लिए एकमात्र बोरवेल है लेकिन बिगत एक सप्ताह से यह मोटर खराब पड़ी है लेकिन इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। यहां मरीज के परिजन व अस्पताल कर्मी बाहर दुकान से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। ऐसे में उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा पानी के अभाव में यहां शौचालय तक बंद है। ऐसे में यहां लोगो की समस्या और बढ़ गयी है। इसके अलावा पानी नहीं होने से अस्पताल में ठीक से साफ सफाई भी नहीं हो पा रही है। गंदगी की अंबार लग गयी है। अस्पताल में रोजाना करीब 50 से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। उक्त अस्पताल पर 90 हजार की आबादी निर्भर है।

झामुमो हासनदाग के अध्यक्ष सुनील बैठा और सचिव गुलबास बने

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हासनदाग पंचायत भवन के मैदान में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक प्रवेक्षक संजय भगत की अध्यक्षता हुई जिसमें पंचायत कमेटी का गठन किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक द्वारा झामुमो के निति सिद्धांत के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में बड़ी संख्या में हासनदाग तथा रेजो गांव के उपस्थित कार्यकताओं ने विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सुनील बैठा को अध्यक्ष तथा गुलबास अंसारी को पंचायत सचिव के लिए चयन किया। जबकि पंचायत के सभी सातों बुथ के लिए 15-15 लोगों को बुथ स्तरीय सदस्य बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, बृजराज चौबे, अवध किशोर चौबे, अमित चौबे, प्रणय चौबे, अनिल चौधरी, कोमल चौधरी, मानदेव बैठा, राजू पासवान, द्वारिका चौधरी, रामसागर ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी, नागेश्वर शर्मा, नागेंद्र चौधरी, राजेंद्र चौधरी, नितिश कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ज्योति लकड़ा ने संतोष प्रसाद को दिलायी झामुमो की सदस्यता

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड-अनुमंडल क्षेत्र में सदस्यता अभियान उच्चाधिकारियों के द्वारा लगातार जारी है। इसी कड़ी में झामुमो गढ़वा इकाई के संयोजक ज्योति लकड़ा (विश्रामपुर रंका) ने संतोष प्रसाद को सदस्यता दिलायी। तत्पश्चात संतोष प्रसाद ने ज्योति लकड़ा को भी सदस्यता दिलाया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो पदाधिकारियों के द्वारा जारी है।

बिशुनपुर में पेड़ से टकराया टेंपो, आधा दर्जन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुरा। गढ़वा जिला के विशुनपुरा प्रखंड के पतिहारी गांव से राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा परीक्षा केंद्र जा रहे मैट्रिक परीक्षार्थियों से भरा टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रखंड के हिंदुस्तान पेट्रोल पंप, कमता गांव के पास पीछे से आ रही एक टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे छात्रों से भरा टेंपो पेड़ से टकरा गयी।

हादसे के बाद टेंपो में सवार छात्र-छात्राएं चीखने-चिल्लाने लगे। स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से घायलों को बाहर निकालकर बिशुनपुरा स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए भेजा गया। घायलों में आफरीन खातून, समीर अंसारी, अली राजा, तमन्ना खातून और शबाना खातून शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एंबुलेंस से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां अली राजा की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक गिरफ्तार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में भवनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। उक्त युवक के पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर थाना में आयोजित हुए प्रेसवार्ता के दौरान दी। कहा कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी जयप्रकाश गुप्ता के द्वारा सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया था, इस संदर्भ में थाना में उक्त युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व में भी उक्त युवक के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर थाना में कांड सं-185/24 दर्ज है।

आरपी नर्सिंग कॉलेज में डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज में भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनायी गयी। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशर, प्राचार्य मनु जेम्स सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्होंने 10 वर्षों तक भारत के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया। सदा जीवन उच्च विचार उनके आचरण में समाहित था। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी और बांग्ला भाषा का उन्हें अच्छा ज्ञान था। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। राजेंद्र बाबू की बुद्धिमत्ता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि कॉपी जांच करने वाले एक अध्यापक ने यहां तक लिख दिया था कि परीक्षा देने वाला परीक्षा लेने वाले से ज्यादा बेहतर है। कॉलेज के प्राचार्य मनु जेम्स ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद काफी दरियादिल इंसान थे । वर्ष 1914 में बिहार और बंगाल में बाढ़ पीड़ितों को उन्होंने बहुत मदद की थी। नमक सत्याग्रह में बिहार की कमान संभाली थी। भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़ चढ़कर कर भाग लिया था। लगातार दो बार राष्ट्रपति चुने गये। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। मौके पर डॉक्टर आदित्य प्रकाश, प्रद्युम्न कुमार, अभिलाषा भारती, बबीता श्रीवास्तव, सचिन कुमार, दीपक शर्मा, राजेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बेटियां देश के विकास में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रही हैं : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त शेखर जमुआर ने की। कार्यक्रम में उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा की बेटी, बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा हमारे देश में सार्थक हो रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में देश की बेटियां अपनी सहभागिता निभा रही हैं तथा देश के विकास में बढ़ चढ़कर समान रूप से सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारा की आवश्यकता अब नहीं होनी चाहिए बल्कि यह सभी के जेहन में होना चाहिए कि बेटा बेटी एक समान है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान पूरी तरह से लड़की की समस्या को हल नहीं कर सकता, इसे भारत के सभी नागरिकों द्वारा समर्थित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे 2015 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षा और शिक्षा प्रदान करना है। मौके पर उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा ने भी बालिकाओं को सशक्त करने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना का मकसद, लिंगानुपात में सुधार लाना और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां ज्यादातर सोशल मीडिया पर भी अपना समय बिताती हैं जो कि गलत है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा को और भी सार्थक बनाने की दिशा में बालिकाओं को कार्य करना चाहिए। आज के कार्यक्रम में पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्पीच, एसे राइटिंग समेत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सर सीवी रमन के सम्मान में सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट हाइ स्कूल में महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के सम्मान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सीवी रमन के चित्र पर पुष्प के अर्पित कर की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि 28 फरवरी ही वह दिन है जब दुनिया भर में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने अपनी खोज रमन इफेक्ट की घोषणा की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। सीवी रमन के इस महान अविष्कार के सम्मान में भारत सरकार ने 1986 में तय किया कि हर वर्ष 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तौर पर मनाया जायेगा। हर साल सरकार की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की कुछ न कुछ थीम भी रखी जाती है। इस बार इसकी थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक रखी गयी है। पारदर्शी पदार्थ से गुजरने पर प्रकाश की करने में आने वाले बदलाव पर की गयी। उनकी महत्वपूर्ण खोज को रमन इफेक्ट के नाम से जाना जायेगा।

सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य कौशलेंद्र झा सेवानिवृत्त, मिली विदाई

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य कौशलेंद्र झा स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का शुभारंभ भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। अपने उद्बोधन के क्रम में अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अपने आत्मीय कौशलेन्द्र झा आचार्य जी का विद्यालय के प्रति गहरा लगाव रहा है। ये दिन रात एक करके विद्यालय के चहुमुखी विकास के लिए अनवरत परिश्रम करते रहे। कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने कहा कि आचार्य कौशलेन्द्र झा हमारे भुड़लीतर मुहल्ले में कम समय में ही सबों के दिलों पर राज करने लगे। राजा पहाड़ी, बंशीधर मंदिर का कार्य हो अथवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य हो सभी जगह अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। वहीं आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि ये विदाई नहीं स्नेह मिलन है और हम सब आशान्वित हैं कि आचार्य जी हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(जिला नजारत शाखा)

अल्पकालीन निविदा

इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से निविदा का आमंत्रण

हजारीबाग जिला अन्तर्गत सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालय/मध्य उच्च विद्यालय/उच्च विद्यालय/कस्तुरबा विद्यालय/एकलव्य विद्यालय एवं पंचायत भवनों को विकसित एवं Modelazation किया जाना है साथ हीं चिन्हित विद्यालयों में Virtual Relaity Lab की Supply, Installation and Maintenance का कार्य किया जाना है। उक्त के अतिरिक्त आम ग्रामीणो, छोटे व्यापारियों, पशुपालकों/विद्यार्थियों, छोटे मजदूरों, हेल्थकेयर सेन्टरों एवं शिक्षण संस्थाओं के व्यवहार हेतु **"इको फ्रेंडली सोलर पावर हब"** का निर्माण हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत किया जाना है।

उपायुक्त, हजारीबाग एवं गठित कमिटी के निर्णय के आलोक में उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक एजेन्सियों/फर्मों से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निम्न प्रकार 09 (नौ) अलग-अलग निविदा **दिनांक.-15.03.2025 के अपराहन्.-02:00 बजे** तक आमंत्रित किया जाता है।

1. Rate Contract of "Supply, Installation and Maintenance of Virtual Reality Lab in School, Including Hardware, E-Content, Operating Software and System Maintenance for 2 Years Across Hazaribag." **(Ref. No-200/Naz. Dated.-28-02-2025)**
2. Rate Contract of "Supply of Eco Friendly Solar Power Hub across Hazaribag. **(Ref. No-201/Naz. Dated.-28-02-2025)**
3. Rate Contract of "Develop Government Primary School into Model Government Primary School across Hazaribag. **(Ref. No-202/Naz. Dated.-28-02-2025)**
4. Rate Contract to "Develop Government Eklavya Model Residential School/ Kasturba Gandhi Balika Vidhyalaya School Across Hazaribag. **(Ref. No-203/Naz. Dated.- 28-02-2025)**
5. Rate Contract for "Develop Existing Gram Panchayat into Smart Model/ Digital Gram Panchayat, Hazaribag. **(Ref. No-204/Naz. Dated.-28-02-2025)**
6. Rate Contract for Develop Government Hostel into Model Government Hostel in Hazaribag. **(Ref. No-205/Naz. Dated.-28-02-2025)**
7. Rate Contract for Develop Government Secondary School into Model Govt. Secondary School in Hazaribag. **(Ref. No-206/Naz. Dated.-28-02-2025)**
8. Rate Contract for Develop Government Upper Secondary School into Model Upper Secondary School, Hazaribag. **(Ref. No-207/Naz. Dated.-28-02-2025)**
9. Rate Contract for " Develop Governemnt Upper Primary School into Model Upper Primary School across Hazaribag. **(Ref. No-208/Naz. Dated.-28-02-2025)**

इच्छुक निविदादाता इच्छानुसार कोई एक, एक से अधिक अथवा सभी निविदा अलग-अलग करके उपायुक्त का कार्यालय, जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में निबंधित डाक अथवा हाथोंहाथ निर्धारित तिथि तक जमा करेगें। निविदा संबंधी सभी नियम/ शर्ते एवं विशिष्टता संबंधित सूचना हजारीबाग जिला प्रशासन के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है, जिससे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के निदेश के आलोक में,
नजारत उपसमाहर्ता,
हजारीबाग।

PR 347412 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः- SPUF/MID/KODERMA/F2-10/2023-24

पत्रांकः-135 दिनांकः-28.02.2025

1. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :- 11.03.2025 से 21.03.2025 तक (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- 22.03.2025 समय अपराहन 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 22.03..2025, 03:30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा। (2) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कोडरमा। (3) जिला योजना पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

ग्रुप संख्या	प्रखंड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि(रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	मरकच्चो	प्रखंड परिसर मरकच्चो में पार्किंग शेड का निर्माण	600477.68	1250.00	12100.00	3 माह
2	मरकच्चो	प्रखंड परिसर मरकच्चो में किचन शेड का निर्माण	625620.44	1250.00	12600.00	3 माह
3	चंदवारा	पंचायत पूरनाडीह के आर0ई0ओ0 रोड से उमेश यादव घर से बासुदेव पंडित घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	910531.17	1250.00	18300.00	3 माह
4	चंदवारा	पंचायत आरागारो ग्राम पूतो में पी0डब्लू0डी0 पथ से प्रजापति धर्मशाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	952197.77	1250.00	19100.00	3 माह

नोटः- निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 347375 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

नौ कुंडीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार की सुबह कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भक्तगण बिना अन्न जल ग्रहण किए स्नान आदि कर पवित्र वस्त्र धारण कर हाथों में पवित्र कलश लेकर इस कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई और पूरे कांडी मुख्य बाजार को नगर भ्रमण करते हुए सोन नदी के डूमरसोता घाट तक पहुंची। वहां विद्वानों द्वारा अभिमंत्रित जल अपने-अपने कलश में भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर लाकर भक्तों ने उसे अपने-अपने स्थान पर रखा। कलश यात्रा के दौरान पारंपरिक बैंड बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा की शोभा बढ़ी। भक्तों ने भगवान के नाम की जय घोष करते हुए यात्रा की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इस दौरान पूरे कांडी मुख्य बाजार का वातावरण भक्ति और धार्मिकता में रंग गया। लोग इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे थे। यज्ञ स्थल तक पहुंचने के बाद सभी भक्तों ने श्रद्धा भाव से कलश को स्थान पर स्थापित किया।

विदित हो कि इस महायज्ञ के दौरान सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा भी किया जाएगा। यज्ञ के आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी ने बताया कि कलश यात्रा (28 फरवरी) से 6 मार्च तक महायज्ञ चलेगा और 7 मार्च 2025 को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। इस दौरान दिन में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जायेगा, जिसमें कथावाचक कुंजबिहारी शुक्ल और उनकी टीम भक्तों को धार्मिक उपदेश देंगे। कृष्णा बारी ने कहा कि महायज्ञ का आयोजन कांडी प्रखंड और आसपास के पंचायतों के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर है। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महायज्ञ में भाग लें और इसे सफल बनायें।

कलश यात्रा में कांडी पंचायत के मुखिया विजय कुमार, जिप सदस्य उत्तरी प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कमिटी के अध्यक्ष कृष्णा बारी, उपाध्यक्ष रविरंजन शर्मा, सचिव पंकज साह, उप सचिव अनूप कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष जेपी सोनी, संरक्षक बाबूलाल प्रसाद, उदय राम, सक्रिय सदस्य ओमप्रकाश, प्रमोद प्रसाद, शशि कुमार सहित सैकड़ों महिला और पुरुष भक्त उपस्थित थे।

समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू-अर्जन शाखा)
-:ग्राम सभा का सूचनाः-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 41 के आलोक में खूँटी जिला अन्तर्गत कर्रा अंचल के हटिया लोधमा कर्रा पथ (MDR-032) हेतु RCD के लिए निम्न मौजा में प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्राम सभा की सहमति हेतु पूर्व में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभावित रैयतों की उपस्थिति नहीं होने के कारण पुनः ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है।

अतः उक्त नियम के आलोक में निम्न मौजा में एक-एक ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

ग्राम सभा संबंधी विवरणी

क्र0	तिथि	अंचल का नाम	मौजा का नाम	थाना संख्या	रकबा- (एकड़ में)	ग्राम सभा स्थल	समय
1	08.03.2025	कर्रा	लोधमा	162	6.019	पंचायत भवन, लोधमा	11.00 बजे पूर्वा0
3	08.03.2025	कर्रा	कनसीली	169	10.218	सामुदायिक भवन, कनसीली	2.00 बजे अप0

प्रभावित रैयतों से अनुरोध है कि ग्राम सभा में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

ह0/-
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 347455 Land Reforms(24-25)D

पलमी गांव में 16 केवी के ट्रांसफार्मर की चोरी

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी गांव में लगे 16 केवी के ट्रांसफार्मर को बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। एक दिन पूर्व भी पलमी गांव से एक ट्रांसफार्मर चोरी हुई थी। दो दिनों मे गांव से दो ट्रांसफार्मर चोरी होने से लोगों में दहशत फैल गयी है। इस चोरी की जानकारी ग्रामीणों को उस वक्त पता चली जब वह अपने खेतों को गये थे तब उन्होंने देखा कि पटवान के लिए लगा मोटर बंद थे और बिजली के खंभों पर ट्रांसफार्मर चोरी हो गये थे। लोगों ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इन बिजली के खंभों पर हाई वोल्टेज करंट है और चोरों ने इसकी परवाह किये बिना दो ट्रांसफार्मर और उनका सामान चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन चोरों पर काबू पाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाये और चोरी हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाये ताकि खेतों में बोई गयी फसलों को पानी मिल सके।

सांसद सुखदेव भगत ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के साथ की बैठक

फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र,लोहरदगा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माननीय सदस्यों व पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव आये जिसके अनुपालन का निर्देश सांसद द्वारा दिया गया। बैठक में सांसद ने लोहरदगा जिला में आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में की जा रही कार्रवाई आदि बिंदुओं की समीक्षा की। शहर के पतराटोली में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना पर वहां स्पीड ब्रेकर, साइनेज लगाये जाने के निदेश कार्यपालक अभियंता, एनएच को दिये गये। जिस क्षेत्र में

अंधेरा है वहां स्ट्रीट लाइट लगवाने का निर्देश विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। स्कूलों और कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वहां नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। बाजार में भी माइकिंग करा कर बच्चों के अभिभावकों के जागरूक किया जाये ताकि बच्चे मोटरसाइकिल पढ़ाई करने स्कूल नहीं आये।

सांसद ने जिला में भू-अर्जन के कार्य व रैयतों को भुगतान की प्रक्रिया को धीमा बताते हुए कहा कि इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। जिला में नव वर्ष, मेला व पर्व-त्यौहार के मौके पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इसमें कमी लाने के लिए आवश्यक प्रयास किये जाये। सड़क दुर्घटना में घायलों का इलाज तुरंत हो, इसमें स्वास्थ्य विभाग सजग रहे। जिला में जल्द कार्डिया एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिसमें घायल को अस्पताल तक गोल्डेन टाईम में पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी।

मोटर वाहन निरीक्षक को वाहनों का फिटनेस संबंधी जांच करने और वाहन चालकों को मोटरयान अधिनियम अंतर्गत नियमों का पालन कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को बॉक्साइट ट्रक चालकों द्वारा भी उक्त अधिनियम का पालन कराने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के चौक-चौराहों में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले, शहरी क्षेत्र में पथों व फुटपाथों पर सब्जी विक्रय करनेवालों को नोटिस देकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करायें। महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, जो खराब हैं, उन्हें ठीक कराया जाये ताकि सड़क दुर्घटना की स्थिति में वाहन को चिन्हित किया जा सके। पुलिस विभाग शराब पीकर वाहन चलानेवाले वाहन चालकों की जांच करे और आवश्यक कार्रवाई करें। ट्रेन के समय ऑटो चालकों द्वारा काफी तेज गति से ऑटो का चालन होता है। बॉक्साईट चालकों द्वारा तेज गति से वाहन चालन होता है जिसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। शहर में ट्रैफिक थाना के लिए पुलिस अधीक्षक को मुख्यालय स्तर पर आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को मैना बगीचा में भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक बैरिकेटिंग उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

कोयला लदा हाइवा घर में घुसा, चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका/ लातेहार। मनिका प्रखंड क्षेत्र के रेवत कला गांव में मनिका हेरहंज रोड मे कोयला लदा अनियंत्रित हाइवा वाहन जेएच 16 एफ 8602 ने दो घरों को ध्वस्त कर दिया। घटना में वाहन चालक की मौके पर मौत हो गयी जिसकी पहचान कुंदन यादव पिता अनिल यादव उम्र लगभग 23 वर्ष बालूमाथ भैंसादोन के रूप में हुई है। रेवत कला गांव के राज किशोर यादव, और नागेश्वर यादव का घर मे हाइवा वाहन घुस गया है। राज किशोर यादव ने बताया कि घर और दुकान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है लगभग दोनों मिलाकर पांच लाख का नुकसान हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

लातेहार विधायक ने जिले में टमाटर आधारित उद्योग लगाने की मांग की

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा में शून्य काल के दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र में टमाटर आधारित उद्योग स्थापित करने की मांग की है। प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार जिला के चंदवा, बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज में बंपर टमाटर की पैदावार होती है। सैकड़ो ट्रक टमाटर यहां से निर्यात होता है। यदि टमाटर आधारित यथा-टोमेटो सॉस, जैली, मुरब्बा आदि उद्योग की स्थापना होने से किसानों को टमाटर का उचित मूल्य प्राप्त हो सकता है, किसानों का आय बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर रोजगार का भी संवर्धन होगा। यहां के किसान सैकड़ों एकड़ में टमाटर की खेती करते हैं, प्रतिवर्ष हजारों टन टमाटर यहां से निर्यात होता है।

डिग्री कॉलेज खोलने की मांग

विधायक प्रकाश राम ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर चंदवा में सरकारी डिग्री कॉलेज वही बारियातू में महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है। प्रकाश राम ने कहा कि एक ओर जहां चंदवा के बच्चों को डिग्री लेने के लिए 80 किमी दूर जाना पड़ता है वही बारियातू में महिला कॉलेज खोलने पर बल देते हुए कहा कि यहां की बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। जिसके कारण 90% बच्चियों आगे की पढ़ाई छोड़ देती हैं, महिला कॉलेज स्थापना होने से बच्चियों को सहूलियत होगी।

लातेहार कॉलेज में पठन पाठन हेतु समुचित व्यवस्था कराने की मांग

विधायक प्रकाश राम ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लातेहार में डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज में पठन पाठन हेतु समुचित व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि दोनों का भवन बनकर तैयार है। भवन को नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी को सौंप दिया गया है, बावजूद इसके आज तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जिसके कारण हजारों बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है।

भंडरा में खुलेआम हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री

भंडरा (आजाद सिपाही)। राज्य में जिस ओर सरकार गुटका पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है, तो दूसरी ओर जिले के भंडरा प्रखंड में नशीले अन्य पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो गयी है। बता की भंडरा प्रखंड के चौक चौराहों के दुकान में डेंड्राइट, थीनर, वाइटनर की बिक्री मनमाने दामों पर बिक रही है। जिसका शिकार स्कूली बच्चे हो रहे है। बता दें कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडरा में वर्ग छह में अध्यंतरण दो छात्र शुक्रवार को थीनर का नशा में झूमते नजर आये। जिससे स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनोरमा अगस्टिन ने बताया कि विद्यालय में अवधि में वर्ग छह के दो बच्चे पेशाब करने की बात कहकर बाहर निकले थे। अधिक देर होने के बाद भी क्लास में नहीं पहुंचने पर बाथरूम में देखने गये। जहां दोनों छात्र थीनर की नशा में बदहवास पड़े थे। दोनों छात्रों को घंटों बाद होश आया।

बालू लदे दो हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए अवैध बालू लदा दो हाइवा को जब्त किया गया। जब्त हाइवा मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही मध्य रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के घाटा गगेया पथ से एक हाइवा तथा कोराम्बे से एक हाइवा को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं जब्त हाइवा के बारे में अंचलाधिकारी द्वारा खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया। जिसे जब्त हाइवा के मालिक और चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। जबकि हाइवा ट्रक के मालिक ने बताया कि गुमला जिले के लरंगो से बालू उठाव कर ले जाया जा रहा था। जिसका चालान होने के बावजूद जांच करवाने की बात बोल बालू लदा हाइवा ट्रक को पकड़ कर थाना में रखा गया है। इस संदर्भ मे थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की सूचना पर निरंतर कारवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा अवैध बालू लदा हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिला था। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनों ट्रक के चालक एवं मालिक के विरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया गया। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू का उठाव कोयल नदी से होने तथा परिवहन करने के मामले पर लगतार खनन पदाधिकारी के निर्देश पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस द्वारा कारवाई जारी रहेगा।

तीन सूत्री मांगों को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड इकाई द्वारा तीन सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लाईज फेडरेशन झारोटेफ के बैनर तले प्रखंड स्तरीय हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय मनिका के प्रधानाध्यापक निरज कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने हस्ताक्षर महा अभियान के तहत मांग प्रपत्र में हस्ताक्षर किया। मौके पर झरोटेफ के प्रखंड अध्यक्ष निरज कुमार ने बताया कि मांग के समर्थन में प्रखंड ,जिला एवं राज्य स्तरीय हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें तीन सूत्री मांग प्रपत्र में हस्ताक्षर किया गया। तीन सूत्री मांग में पहली मांग अन्य राज कर्मियों की भांति शिक्षक सवर्ग को एमएसीपी का लाभ प्रदान करने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने एवं केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने की मांग है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमेटी के निर्णयानुसार हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य राज्य कर्मियों की प्रमुख मांगों से सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौपना है। मौके पर कृष्णा सिंह, राजेश कुमार, नागेंद्र यादव, उदय तिवारी, बैजनाथ राम, संदीप कुमार, सत्यव्रत, विजयलाल, इंदु कुमारी, प्रीति कुमारी, वंदना कुमारी, के समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

मैट्रिक में 756 विद्यार्थियों ने दी अंग्रेजी की परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को अंग्रेजी की परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं नंदलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 417 छात्र छत्राओ में से 415 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का परीक्षा दिया। वही 771 परीक्षार्थियों में से 756 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए। बताया कि कदाचारमुक्त और शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जेक द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है।

8 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है। जिसके सफल आयोजन को लेकर 28 फरवरी को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमां, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहें। वहीं बैठक में पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा सलैया घोड़गिरवा, पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा जिले के स्थानीय उदद्यमियों तथा भावी उदद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मानित अतिथियों का स्वागत हरित पौध भेंट कर किया गया। उसके उपरांत मंचासीन अतिथियों रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा, नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा, रुस्तम रोशन, सफल उद्यमी, झारखंड वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी, लोहरदगा आदि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक, ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मंचासीन वक्ताओं से एमएसएमइ के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से वर्तमान समय की मांग के अनुसार उद्यमी बनकर स्वयं एवं अन्य लोगों को अपने उद्यम से जोड़ने की बात पर जोर दिया क्योंकि वर्तमान समय में नौकरियां सीमित हैं। रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा ने झारखंड सरकार द्वारा एमएसएमइ उद्यमियों के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में, आवेदन की प्रक्रिया, सब्सिडी आदि के बारे में बताया एवं लोगों को उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए बैंक शाखा से संपर्क करने एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सेविका/ सहायिका को सात महीनों से नहीं मिला वेतन, भुगतान को लेकर सौंपा मांगपत्र

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के 127 आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित करने वाली आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को सात माह से उनका मानदेय भुगतान नहीं हुआ है। मानदेय भुगतान नहीं होने के कारण उनकी होली पूरी तरह से फीकी होने की भी संभावना बनी हुई हैं जिसे सभी पूरी तरह चिंतित हैं। शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मानदेय भुकतान को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह की पहल के लिए विधायक के प्रतिनिधि प्रेम सिंह से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सयुंक्त रूप से सौंपा। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी मांगों को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह के सत्र में व्यस्त होने के कारण फोन के माध्यम से बात की और बकाया मानदेय भुगतान सरकार के माध्यम से करने की मांग की। पूरे मामले को लेकर विधायक के निर्देश विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रम से बात करते हुए मानदेय भुकतान नहीं होने की शिकायत की। उधर पूरे मामले पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जल्द से जल्द भुगतान कराने की बात कही। वही मौके पर मनोज कुमार सिंह, अजीत गुप्ता, सीता मिश्रा, लीलावती देवी, सरिता देवी, बिना जयसवाल, रीता देवी, चम्पा देवी, किरण देवी, संगीता टोपनो,कल्याणी देवी, इंद्रमनी देवी, किरण कुमारी समेत अन्य सेविका सहायिका मौजूद थे।

सीवी रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये थे : राधा तिर्की

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर चंद्रशेखर बैंकट रमण के जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सेन्हा उपस्थित थे। वही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह का मॉडल तैयार किया गया था। जिसका अवलोकन कर जिप सदस्य राधा तिर्की ने छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा देते हुए कहा कि चंद्रशेखर बैंकट रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये थे। जिसे उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि विज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़ सकते हैं। वही विद्यालय को प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस चन्द्रशेखर बैंकट रमण को समर्पित है। जिनका जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चंद्रशेखर बैंकट रमण पानी जहाज के माध्यम से विदेश से वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि सूर्य की रौशनी में समुद्र का जल नीला क्यों दिखायी देता है। चंद्रशेखर रमण को भौतिकी विज्ञान के लिये नॉवेल पुरस्कार देकर एशिया महादेश में सम्मानित किया गया था।

जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लोगों का सहयोग जरूरी है : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत क्लीन एंड ग्रीन लातेहार मिशन के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, परियोजना निदेशक आइटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आप सभी जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है, ताकि जिले को मॉडल जिला बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी को चाहिये कि हम अपने आस-पास के लोगो को साफ-सफाई हेतु प्रेरित करें। यदि हम ऐसा करते हैं तभी जाकर स्वच्छता को बल मिलेगा एवं सही मायने में क्लीन एंड ग्रीन लातेहार का स्लोगन चरितार्थ होगा।

ऐसे में आप सभी के सहयोग से आगामी 26 जनवरी 2026 तक लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाया जा सकता है।

आगे उन्होंने कहा कि कुल 370 जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों को कूड़े के प्रबंधन करने से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया है। अब एसएचजी दीदियां मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी, अपने अपने पंचायतों में जाकर प्रशिक्षण देंगे।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला है जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति इनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। इसके द्वारा दिये गये प्रशिक्षण से एसएलआरएम कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से लातेहार झारखंड का पहला स्वच्छ और हरित जिला बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

पोक्सो एक्ट के दोषी दो युवाओं को 20-20 साल सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे वन सह पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग दो युवतियों के अपहरण और उनके साथ कथित दुष्कर्म के दोनों आरोपी संतोष मुंडा और अर्जुन मुंडा को बीस साल सश्रम कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को अलग से 25-25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाने का भी फैसला दिया है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकडा ने बताया कि, मामला जिले के भंडरा थाना का है। बताया गया कि, वर्ष 2022 में भंडरा थाना क्षेत्र से दो नाबालिक युवतियों को शादी का झांसा और बहलाकर आरोपी दोनों युवाओं ने अगवाकर रांची ले गये थे। नाबालिग युवती के परिजनों ने भंडरा थाना में संतोष मुंडा और अर्जुन मुंडा के विरुद्ध भंडरा थाना कांड संख्या 70/ 2022 में नामजद मामला दर्ज कराया था। इसकी सुनवाई चलने के दौरान शुक्रवार को अगवा करने वाले दोनों आरोपियों को अदालत ने दोषी ठहराते हुए 6 पोक्सो एक्ट के तहत सजा का फैसला सुनाया है।

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत एसएमएस भेजने में शिथिलता बरतने का आरोप

पिपरा के बीइओ, बीपीओ और एमडीएम ऑपरेटर से मांगा गया स्पष्टीकरण

डीसी के निर्देश पर डीइओ एवं डीएसइ ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

बीइओ, बीपीओ और एमडीएम के साथ बैठक करते डीइओ एवं डीएसई।

मेदिनीनगर। पलामू जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष सह डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा अधीक्षक ने बीइओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटरों के साथ बैठक की। जिसमें पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना सहित विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। पीएम पोषण शक्ति निर्माण, योजना अंतर्गत एसएमस पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके तहत विद्यालयों में प्रतिदिन उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, प्रति सप्ताह उपलब्ध अनाज एवं कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार, प्राप्त कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार और प्राप्त अनाज की मात्रा का एसएमएस किया जाता है। समीक्षा के दौरान पिपरा क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य दिवसवार एसएमएस भेजने में शिथिलता बरतने की बात प्रकाश में आने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के बीइओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण मांग है। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने एवं असंतोषजनक जवाब की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं एमडीएम कम्प्यूटर ऑपरेटर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एसएमएस शत प्रतिशत कराना सुनिश्चितत करें। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइया-सह सहायिका का आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से शत प्रतिशत अच्छादन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालयों में विद्यार्थियों का अच्छादन में वृद्धि करने, अध्यनरत विद्यार्थियों को आयरण, फॉलिक एसिड की गोली खिलाने का निर्देश दिया। वहीं, पलामू डीसी के निर्देश पर कार्य दिवस में जिला से एमडीएम ऑपरेटर द्वारा 25 विद्यालय एवं प्रखण्ड से प्रखंड एमडीएम ऑपरेटर की ओर से 10 विद्यालय का फोन पर अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सहित बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर उपस्थित थे।

विश्रामपुर में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

- एलसीएमसीएच से लगा मेगा आई कैम्प, 130 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ मुफ्त ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को मेगा आई कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 130 मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन एलसीएमसीएच के निदेशक डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप, एडवाइजर डॉ रवि भूषण पांडेय, देवाशीष मंडल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव और डॉ राजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, समारोह का संचालन एमबीबीएस की छात्रा सोनल प्रज्ञा, छात्र दिव्यांशु सौरभ और कुमार गौरव ने किया। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर में उच्च स्तरीय अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। जिसको हासिल करने के लिये हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले एक-दो वर्षों में यहां वह सारी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो जायेगी जो सिर्फ मेट्रो सिटी के बड़े अस्पतालों में है। उसके बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये आयेंगे। तब जाकर सेवा का हमारा संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह एलसीएमसीएच के चेयरपर्सन रामचंद्र चंद्रवंशी ने एक बड़ी दूरगामी सोच के तहत इस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की स्थापना की थी। वहीं, डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि एलसीएमसीएच में सभी तरह की बीमारियों का मुफ्त इलाज एवं ऑपरेशन होता है। दवा भी निःशुल्क दी जाती है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को 250 से भी ज्यादा मरीजों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें से 130 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुक्रवार को किया गया। बाकियों को दवा दी गयी। प्रो सुभाष तेतरवे ने कहा कि एलसीएमसीएच शिविर लगाकर प्रति वर्ष सैकड़ों मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन मुफ्त में किया जाता है। इस मौके पर डॉ श्रावंती, डॉ आशुतोष, डॉ हरिभूषण, डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ अविनाश, डॉ नागेंद्र, लक्ष्मण सिंह, इदरीश हवारी, नीतीश कुमार, संदीप कुमार और शोएब खान आदि मौजूद थे।

विश्रामपुर विधायक ने विस में उठाया फसलों को बर्बाद करने का मामला

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर क्षेत्र में नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने का मामला शुक्रवार को विधानसभा में गूंजा। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने इस मामले को तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान नीलगाय के प्रकोप से परेशान हैं। नीलगाय का झुंड फसलों को बर्बाद कर रहा है। कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग किसानों को कोई मुआवजा नहीं दे रहा है। नीलगाय के आतंक एवं वन विभाग की उदासीनता से आहत सैकड़ों किसानों ने खेती करना ही बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि अब तो नीलगायों का झुंड आम लोगों के लिये भी खतरा बनते जा रहे है। अब तक कई जान भी जा चुकी है। उन्होंने सरकार से इस मामले का हल निकालने का अनुरोध किया।

अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला अवधेश कुमार सिंह कॉलेज में शुक्रवार को विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद पांच सदस्यीय ज्यूरी मेम्बर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राहुल कुमार सिंह, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो रवि कुमार सिंह और रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रो सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने एक-एक कर सभी प्रतिभागियों से उस विषय पर प्रश्न किया और संतोष जनक उत्तर पाया। इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें शिखा कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, अंशु कुमारी, दिव्या कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, आरती कुमारी, मुसर्रत परवीन आदि शामिल थे। इस मौके पर प्रो मुकेश कुमार सिंह, प्रो शशि भूषण सिंह, प्रो शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो नरेश कुमार सिंह, प्रो अशोक कुमार देव, प्रो आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा।

पुराने सीएचसी भवन में स्वास्थ्य सुविधा चालू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

- एक सप्ताह में मांग पूरी नहीं होने पर नौ मार्च को सामूहिक उपवास की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोगों को संबोधित करते कमलेश यादव और अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज में बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) नेता कमलेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कमलेश यादव कहा कि पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बंद रहने और इलाज के अभाव में मरीजों-घायलों की या तो मौत हो गई या बाहर ले जाना पड़ा। उन्होंने चेताते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर ओपीडी सेवा चालू नहीं की गयी तो नौ मार्च को एक दिवसीय सामूहिक उपवास किया जाएगा। इसके बावजूद मांगे पूरी नहीं होने पर आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्या किसी एक की नहीं, बल्कि सभी की है। राष्ट्रीय राज्य मार्ग 139 पर स्थित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चालू होने से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को तत्काल इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं सपा नेता ने बीडीओ के निर्देश पर धरना स्थल पर आए नगर प्रबंधक नज्जीबुल्ला अंसारी को मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर पासवान और संचालन सेवा निवृत शिक्षक रामजी राम ने की। इस मौके पर डॉ अमरजीत यादव, अनिल शौंडिक, विजय पासवान, मो मोहाई अंसारी, धनेश सिंह, अमित यादव, राघो पांडेय, धीरेंद्र यादव, शिव कुमार, सिकंदर पासवान, इंद्रदेव राम, जितेंद्र मेहता, रंजन सिंह, मुरारी प्रसाद, रेशम देवी, चंद्रमा देवी, गुड़िया देवी, श्रीमती देवी, रेणु देवी, कुंती देवी, पूर्णिया देवी, तिलेश्वरी देवी, मीना देवी सोहराई प्रजापति, चंदन कुमार, जितंद्र पासवान, सुखराम मेहता, छेदी साव, सुरेंद्र चौधरी, लल्लू साव, सुदामा यादव, धर्मदेव राम, ओमप्रकाश पासवान, उपेंद्र भुइयां, सुदामा शर्मा, रघुपत शर्मा, रामाशीष यादव और मदन यादव आदि मौजूद थे।

पांकी विधायक ने विस में उठाया सरना स्थल का निर्माण गलत जगह कराये जाने का मामला

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। विधानसभा सत्र के दौरान पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड के नवडीहा पंचायत अंतर्गत परसावां ग्राम में सरना स्थल की चहारदीवारी निर्माण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग की ओर से सरना स्थल चहारदीवारी निर्माण पांकी सीओ द्वारा गलत रिपोर्ट तैयार कर एवं पलामू जिला कल्याण पदाधिकारी और अभियंताओं की मिलीभगत से शमशान घाट एवं डैम की चहारदीवारी निर्माण करायी जा रही है। जिसकी जानकारी लाभुक समिति अध्यक्ष देवचन उरांव को भी नहीं दी गयी। जबकि बिचौलिये द्वारा इस काम में ठेकेदारी की जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषी पदाधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो और सरना स्थल की चहारदीवारी निर्माण को सही स्थान पर कराया जाय। इस दौरान तरांकित प्रश्न के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में कैंसर संबंधित पढ़ाई, मेडिकल शिक्षा गुणवाता और रांची के रिम्स जैसे बड़े अस्पताल में दो वर्षो से एमआरआई मशीन खराब होने का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही गरीबी रेखा से नीचे के कार्डधारियों का मुफ्त में जांच नहीं करने का भी मामला उठाया। कहा कि जानभावनाओं के साथ अन्याय स्वीकार नहीं होगा।

हुसैनाबाद के पत्रकार को मातृ शोक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। वरीय पत्रकार जितेंद्र प्रसाद की माता शिवकुमारी देवी का शुक्रवार की दोपहर 80 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव पोलडीह जगदीशपुर स्थित कररबार नदी तट पर किया गया। उनके आकस्मिक निधन पर प्रगतिशील पत्रकार मंच, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सहित क्षेत्र वासियों ने शोक व्यक्त किया है। इसमें विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता विनय सिंह यादव, मुखिया पति अशोक यादव, भाजपा नेता अशोक सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, जेजेए के जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, प्रगतिशील पत्रकार मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद उर्फ गुड्डू, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, जिप सदस्य राजू कुमार मेहता, झामुमो नेता वशिष्ठ कुमार सिंह, डॉ एजाज आलम, समता स्कूल के निदेशक अक्षय कुमार चौहान, धर्मेंद्र तिवारी, स्वयंसेवक राहुल सिंह, पूर्व पार्षद अखलेश यादव आदि शामिल है।

मिशन समृद्धि संस्था अपने लक्ष्य के प्रति समर्पितः शीला श्रीवास्तव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मिशन समृद्धि संस्था के तहत निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा दिन प्रतिदिन समृद्ध होता नजर आ रहा है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि वहां पहले बहुत बच्चे जो काफी छोटे होते थे वे भी बड़े बच्चों के साथ बैठ जाया करते थे। जिससे सभी को सही से लाभ नहीं मिल पा रहा था। जबकि 9-10 वर्षों के परिश्रम के बाद वहां बच्चे अब पढ़ाई के प्रति काफी जागरूक हो चुके हैं। इसलिए अब चार से 10-12 साल तक के बच्चों को शिक्षा दी जा रही है जो सार्थक हो रहा है। अब सप्ताह में तीन दिन कचरवा और जनकपुरी में पहले की तरह पांच दिन पाठशाला चलने लगा है। यह संस्था पढ़े पलामू बढ़े पलामू को चरितार्थ करता समाज और राष्ट्र को एक सभ्य सुसंस्कृत बच्चों को सौपने की जिम्मेदारी उठाई है जिसे पूरी करने की कोशिश जारी है। निःशुल्क शिक्षा और निःस्वार्थ सेवा देना हम सबों का कर्तव्य है। अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, आशा शर्मा, वीणा, राज, रंजीता और ममता के योगदान सराहनीय है।

कीटनाशक का छिड़काव कर किसान आम अरहर की खेती को बचाएं : कृषि वैज्ञानिक

- छतरपुर में वैज्ञानिक अंर्तमिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। पौधा संरक्षण विभाग की ओर से शुक्रवार को छतरपुर प्रखंड सभागार में बीडीओ आशीष कुमार कुमार साहू की अध्यक्षता में वैज्ञानिक अंर्तमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती बचाने की सलाह दी। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के दिलीप कुमार पांडेय ने किसानों को आम, संतरा, अमरूद आदि फलदार पौधा लगाने की सलाह दी। कटहल एवं काश्मीरी बैर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। आम के मंजर में लगने वाले मधुआ कीट के उपचार के लिए इमिडाक्लोरप्रीड, एसीफेट और अरहर में लगने वाले फल छेदक के लिए इमामेकिटन बेजोएट कीटनाशक दवा का घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। वहीं, बीडीओ ने किसानों को वैज्ञानिकों से मिली जानकारी को अपने गांव एवं खेत में अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन छतरपुर प्रखंड के बीटीएम संजय कुमार ने किया। मौके पर नौडीहा के मुखिया हरेंद्र सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, एटीएम सुनैना कुमारी, सुशील कुमार मिश्रा, रंजित कुमार सहित नावाबाजार, पिपरा और छतरपुर के किसानों ने भाग लिया।

कमरुद्दीन तीसरी बार बने झामुमो के चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष

चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। झामुमो केंद्रीय कमेटी और जिला संयोजक मण्डली के निर्देश पर शुक्रवार को चैनपुर नगर निगम स्थित समृद्धि होटल में प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने की। इसमें सर्वसम्मति से कमरुद्दीन अंसारी को तीसरी बार प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। साथ ही तीन उपाध्यक्षों दिनेश पासवान, जितेंद्र यादव और मुस्तफा अंसारी के नामों की भी घोषणा की गई। वहीं, प्रखंड कमेटी में सचिव नितीश कुमार, संयुक्त सचिव नलिन चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ने किया। उन्होंने सभी को पार्टी संविधान के अनुसार हित में कार्य करने का निर्देश दिया। उधर, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को शत प्रतिशत पूरा करने की बात कही।

डीसी की अध्यक्षता में खनन टास्क फॉर्स की हुई बैठक, दिये कई निर्देश

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : डीसी

कहा- समन्वय के साथ कार्य किये जाने से निकलेंगे बेहतर परिणाम
- ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को करें अवरूद्ध
- जनवरी में 54 वाहनों को किया गया जब्त, वसूले गये 26.25 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन,प ारिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के आपसी समन्वय से बेहतर और कारात्मक परिणाम निकलेंगे। पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय तरीके से छापामारी करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाएं। इसमें जुड़े वाहनों को जब्त करें, अर्थ दण्ड लगाएं और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने कही। वे शुक्रवार को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने अनुमंडल, अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में विषेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया। कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से शिकायत मिलती है। इसलिए सभी की जिम्मेवारी है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में छापामारी कर सुनिश्चित करें कि लीज एरिया का विचलन कर कोई खनन कार्य तो नहीं कर रहा है। कहा कि सीओ और थाना प्रभारी संबंधित क्षेत्रों में छापामारी करना सुनिश्चित करें। डीसी ने बालू के अवैध उठाव एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। साथ ही ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को अवरूद्ध करने का निर्देश दिया। कहा कि बालू के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए अंचल एवं थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेडिंग एवं चौकीदार की प्रतिनियुक्ति से इसके अवैध रोकथाम में मदद मिलेगी। डीसी ने खनिजों के ओवरलोड की जांच कर कार्रवाई का भी निर्देश दिया। वहीं बिना व्यवसायिक पंजीयन के संचालित ट्रैक्टर के विरूद्ध कार्रवाई करने और सीटीओ में अंकित शर्तो के अनुपालन की प्रदूषण विभाग की ओर से जांच करने को कहा। वहीं, बैठक में शामिल एसपी ने भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई और चालान वाले व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की सिकायत पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेषकर छत्तरपुर, पिपरा एवं चैनपुर के सीओ एवं थाना प्रभारी को ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक के शुरूआत में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने जनवरी 2025 में किए गए कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनवरी महीने में जिला खनन कार्यालय की ओर से 38 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं छह प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दण्ड स्वरूप 18.90 लाख रुपए वसूले गये हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि परिवहन कार्यालय द्वारा भी निरंतर कार्रवाई की गई है। 16 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 7.35 लाख रुपए का अर्थ दण्ड वसूला गया है। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर वन प्रमण्डल की ओर से नौ क्रेसरों को जब्त कर सभी संचालकों पर वनवाद दायर किया गया है। बैठक में तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

हत्या के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा पुलिस ने खंभा गांव में हत्या के आरोपी जगरनाथ उरांव के घर शुक्रवार को इश्तिहार चिपकाये। यहां बता दें कि 22 जून 2024 को संपत्ति उरांव की हत्या आठ लोगों ने मिलकर किया था। जिसके बाद घाघरा पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं कुछ लोगों ने खुद से न्यायालय में जाकर आत्मसमर्पण किया है। एक अभियुक्त जगरनाथ उरांव लंबे समय से गिरफ्तारी के डर से फरार है जिसके घर में शुक्रवार को घाघरा पुलिस ने इश्तिहार चिपकाये और परिजनों का यह जानकारी दिया कि समय से उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की सलाह दें अन्यथा पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

भागीदारी पार्टी ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय कामडारा के परिसर में शुक्रवार भागीदारी पार्टी (पी) के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम भागीदारी पार्टी (पी) के महासचिव श्यामसुंदर बड़ाईक के नेतृत्व पर आयोजित की गयी। जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति (हाई कोर्ट के वकील) ने अपने संबोधन में कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर है। कुछ अधिकारियों व कर्मियों की लापरवाही व उदासीपूर्ण रवैया के कारण आम जनता का कार्य आसानी से नहीं हो रहा है। कोई किसी का बात भी नहीं सुन रहा है। इस पर सरकार को कड़ा रुख अख्तियार करने की जरूरत है। वहीं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के उपरांत भागीदारी पार्टी (पी) के कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के नाम पर कामडारा बीडीओ जोसेफ कंडूलना को एक 16 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमे उन्होंने मांग की है कि अंचल में पदस्थापित विमल लकड़ा को अविलंब अन्यत्र स्थानांतरण किया जाय।झारखंड के चीक बढ़ाईक एवं लोहरा समाज के लोगों का जाति प्रमाणपत्र नियमानुसार निर्गत किया जाय एवं उसमे हो रही विसंगतियों को दूर किया जाये। इसके अलावे अन्य समस्या व मांगो का उल्लेख किया गया है। आयोजित इस कार्यक्रम के पहले भागीदारी पार्टी (पी) के द्वारा कामडारा बिरसा मुंडा चौक से लेकर कामडारा ब्लॉक परिसर एक रैली निकाली गयी थी। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा और बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के द्वारा माल्यार्पण की गयी। इसके बाद एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हो गये। इस दौरान गुमला जिलाध्यक्ष हरिहरनाथ सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मारसलिन सुरीन, बिमला कुमारी, देवंती कुमारी (दोनों हाई कोर्ट के वकील), राज बड़ाईक, चेतन मुंडा सहित अन्य लोग काफी संख्या में शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने कहा कि सरकार से जो 16 सूत्री मांग की गयी है। उस पर एक माह के अंदर कोई पहल नहीं किया गया तो शीघ्र ही उग्र आंदोलन किया जायेगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों का होगा निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

गमला। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा समय-समय पर संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारीयों से बैठक कर उचित दिशा निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में प्रधान जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता से बैठक किया। माननीय जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारी से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया तथा अधिवक्ताओं से भी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराने हेतु कोशिश करने के लिए कहा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले ,बैंक के मामले, बिजली मामले ,परिवारिक विवाद के मामले ,भरण पोषण, चेक बाउंस,वन विभाग ,उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना के मामले दीवानी मुकदमे आदि का लोक अदालत में निष्पादन किया जाएगा। बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई जिसमें इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता भी उपस्थित रहे तथा इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारी भी ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में एडीजे प्रथम प्रेम शंकर ,फैमिली जज ओम प्रकाश, एडीजे द्वितीय,मनोज शर्मा , एडीजे तृतीय भूपेश कुमार, एडीजे चतुर्थ संजीव भाटिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, एलडीसी डीएन ओहदार, अधिवक्ता नंदलाल, राकेश रंजन, अवनीत पांडे, बलदेव शर्मा आदि उपस्थित थे।

एएनएम, बीटीटी, सीएचओ और स्वास्थ्य सहिया को मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। जपाईगो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में एएनएम बीटीटी सीएचओ और स्वास्थ्य सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस में सहिया की भूमिका, प्रसव पूर्व देखभाल की जानकारी दी गयी। जिसमें स्वयं मूल्यांकन, स्वास्थ्य शिक्षा, गर्भावस्था में खतरे के लक्षण एवं प्रसव पूर्व देखभाल से संबंधित परामर्श दिये गये। जिससे गर्भवती महिलाओं में स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ क्षमता वर्धन एवं प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि प्रशिक्षण से स्वास्थ्य शिक्षा एवं परामर्श कौशलता का क्षमता वर्धन होगा। आप सभी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर जपाईगो रांची से सुनील कुमार जयपुर से मनीष मंजुल गुमला से दीपिका एवं राजेश कुमार बट्टू बबीता देवी सहित कई उपस्थित थे।

गुमला पॉलिटेक्निक ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला पॉलिटेक्निक ने 28 फरवरी को नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन की विरासत का सम्मान करने और प्रतिभागियों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। समारोह की शुरूआत प्रिंसिपल डॉ. शिबा नारायण साहू और हेड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अजीत कुमार शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई।

यह आयोजन सर सीवी रमन के जीवन और खोज पर एक संक्षिप्त जानकारी के साथ शुरू होता है। भौतिकी के व्याख्याता अमृत कुमार पाठक ने रमन प्रभाव पर एक ज्ञानवर्धक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया, जिससे उपस्थित लोगों को इस अभूतपूर्व खोज और विज्ञान के क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में गहन जानकारी मिली।

इस अवसर पर गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने कई रोमांचक कार्यक्रमों की मेजबानी की। जिसमें सार्वजनिक भाषण, ड्राइंग और मॉडल प्रदर्शनी शामिल थी। केंद्रीय विद्यालय गुमला, डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, सेंट मैरी पब्लिक स्कूल टोटो, वेस्कॉट पब्लिक स्कूल गुमला, पीएम श्री स्कूल, जेएनवी गुमला और जिला सीएम एसओइ के छात्रों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में अपने कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी थी, जिसमें गुमला के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के अभिनव और रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित किया गया। मॉडल छात्रों की सरलता और सीमित संसाधनों का उपयोग करके समाधान खोजने की उनकी क्षमता का प्रमाण थे।

प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने प्रेरक भाषण देते हुए आज के दौर में वैज्ञानिक खोज और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में निदेशक अभिजीत कुमार ऑनलाइन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तकनीक का जन्म विज्ञान की कोख से होता है। स्थानीय छात्रों में अपार प्रतिभा है और इसे निखारने के लिए गुमला पॉलिटेक्निक अपनी स्थापना के समय से ही प्रतिबद्ध है।

सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने के लिए उनके प्रयासों और उत्साह को मान्यता दी गयी। इसके अलावा मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं को क्रमशः 4000, 3000 और 2000 रुपये के नकद पुरस्कार दिये गये।

चूमन गुड्डू के पास युवक का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के रन्हे गांव स्थित चूमन गुड्डू के पास घाघरा पुलिस ने रन्हे निवासी 18 वर्षीय सोनू सिंह का शव बरामद कर थाना लाया। इस संबंध में मृतक के पिता पारसनाथ सिंह ने बताया कि बुधवार की रात 8 बजे खाना खाने के बाद सोनू घर से पीछे निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोज भी की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद गुरुवार को घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए पिता ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। वही घर से 600 फीट की दूरी पर शव को ग्रामीणों द्वारा देखा गया। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। इसके बाद घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव को कब्जे में कर थाना ले आये। इस संबंध में एसडीपीओ ने कहा कि एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक कुछ 2 दिनों से लापता था। जिसकी गुमशुदगी का शिकायत भी थाना में दर्ज कराया गया था। फिलहाल अभी हम लोग जांच कर रहे हैं की हत्या कैसे हुई। इसमें किन लोगों का हाथ है। हत्या कोई धारदार हथियार से आंख में मारकर की गयी है। ऐसा लगता है।

2 को आंख जांच शिविर का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गुमला द्वारा दिनांक 2 मार्च 2025 को रविवार के दिन लायंस क्लब में निशुल्क आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में आप अपने हर तरह के आंखों की बीमारी का जांच करवा सकते हैं। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों द्वारा निशुल्क आंखों की जांच की जायेगी। इसके अलावा, हीरादह पर्यटक स्थल में भी निशुल्क आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें हीरादह के नजदीक के तीन-चार गांव के लोग अपने आंखों का जांच करवा सकते हैं। इस शिविर के आयोजन में लायंस क्लब को बनवासी कल्याण केंद्र गुमला के द्वारा सहयोग मिल रहा है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय और दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि इन वंचित समुदायों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सकें।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दूसरे और तीसरे इंस्टॉलमेंट में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि लाभार्थियों को समय पर राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही, उन्होंने कहा कि अभी चल रहे सर्वेक्षण में एक भी पीवीटीजी परिवार छूटना नहीं चाहिए। उपायुक्त ने प्रवासी पीवीटीजी श्रमिकों के परिवारों को भी आवास योजना से आच्छादित करने के लिए श्रम विभाग से उनका विवरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

जल जीवन मिशन के तहत जिले में 112 पीवीटीजी ग्रामों में जल आपूर्ति योजना पूर्ण हो चुकी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों के घरों तक नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में एफएसटीसी लगाये गये हैं, वहां जलापूर्ति सुचारु रूप से हो रही है या नहीं, इसका भी सर्वेक्षण किया जाये। इसके अलावा, हाडूप ग्राम में जल मीनार लगाने का निर्देश दिया गया ताकि वहां के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पीएचइडी के इंजीनियरों को स्थलीय निरीक्षण करने और जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की बैठक में गुमला के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। 27 फरवरी दिन गुरुवार को फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की एक अहम बैठक रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित हुई जिसमें गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल और सचिव बबलू वर्मा भाग लिये। बैठक में गुमला चैंबर को सम्मानित किया गया। गुमला चेंबर के तरफ से गुमला के कुछ मुद्दों पर आधारित एक पत्र भी फेडरेशन को सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से इन बिंदुओं पर मांग की गयी थी।

गुमला में नाप तोल विभाग में बहुत अनियमितताएं हैं जैसे पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन उपस्थित रहते हैं जिससे व्यापारियों को काफी कठिनाई हो रही है इसे नियमित कराने की कृपा की जाये।

गुमला में बैंकों द्वारा रेजगारी उपलब्ध नहीं करायी जा रही है और व्यापारियों को इसकी काफी आवश्यकता होती है।

गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बहुत कम है क्षेत्र की जनसँख्या के हिसाब से सदर अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़नी चाहिए, सदर अस्पताल कुल 100 बेड का है इसे 200 बेड का करवाने का प्रयास किया जाये।

गुमला स्थित रियाडा के अधिकार में काफी जमीन है जिसे आवश्यकता अनुसार गुमला के व्यापारियों को आवंटित करने की पहल की जाये। बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारी के साथ विशेष रूप से राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा एंव झारखंड के पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रासाद शामिल थे।

स्पोर्ट्स

मैक्कुलम जब व्हाइट बॉल कोच बने तो मैं उनके साथ काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड था। मुझे उम्मीद थी कि टीम अपने नतीजे बदलेगी और तेजी से आगे बढ़ेगी। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका, इसलिए मैं कप्तानी छोड़ रहा हूं।

जोस बटलर ने इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड के जोस बटलर ने वनडे और टी-20 फॉर्मेट से टीम की कप्तानी छोड़ दी है। चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बटलर ने यह फैसला लिया। वे शनिवार को कराची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले ग्रुप स्टेज मैच में आखिरी बार टीम की कमान संभालेंगे।

बटलर ने मैच से पहले शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तानी छोड़ने की बात कही। इंग्लैंड की टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप और 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गयी।

बटलर बोले : कप्तानी छोड़ने का यही सही समय

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बटलर ने कहा, 'मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है। मुझे उम्मीद है कि कोई नया खिलाड़ी टीम की कमान संभालेगा और कोच मैक्कुलम के साथ टीम को ऊंचाइयों के नए मुकाम पर ले जाएगा। मेरी कप्तानी के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के नतीजे बहुत जरूरी थे।

मैक्कुलम जब व्हाइट बॉल कोच बने तो मैं उनके साथ काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड था। मुझे उम्मीद थी कि टीम अपने नतीजे बदलेगी और तेजी से आगे बढ़ेगी। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका, इसलिए मैं कप्तानी छोड़ रहा हूं।'

बटलर ने कहा था: गेम पर बहुत काम की जरूरत

जोस बटलर ने अफगानिस्तान से मैच हारने के बाद कहा था, 'मुझे लगता है कि टीम को वैसे नतीजें नहीं मिले, जैसे हमें चाहिए थे। इसलिए मुझे कप्तानी के फैसले पर विचार करना पड़ा। इंग्लैंड क्रिकेट को व्हाइट बॉल के दोनों फॉर्मेट में बहुत सोचने की जरूरत है। मुझे अपने गेम पर बहुत काम करना है। मुझे समझना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का?'

इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान से मिली हार

चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड को पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया ने हराया। टीम 351 रन डिफेंड नहीं कर सकी थी। फिर अफगानिस्तान के खिलाफ टीम 326 रन का टारगेट नहीं चेज कर सकी थी।

रेस्ट-डे पर अकेले प्रैक्टिस करने पहुंचे गिल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल गुरुवार को अकेले आइसीसी एके-डमी में प्रैक्टिस के लिए पहुंचे। टीम इंडिया का गुरुवार को रेस्ट-डे था, इसलिए उन्होंने अकेले प्रैक्टिस की। इससे पहले, बुधवार को गिल टीम के साथ प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनकी तबीयत खराब थी। हालांकि, गुरुवार दोपहर को गिल ने दो घंटे से ज्यादा समय तक ट्रेनिंग की। उनके साथ टीम के दो थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु और नुवान के साथ असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का अगला मैच रविवार (2 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जायेगा।

आज गुमला आयेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 1 मार्च को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को लेकर मुखिया बेबी को डीसी ने किया सम्मानित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। गढ़वा टाउन हॉल में गुरुवार को शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित मुखिया सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी को सम्मानित किया गया। उन्हें गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वें सम्मानित होने वाली भवनाथपुर प्रखंड के एकमात्र मुखिया है। जानते चले कि मुखिया बेबी की ओर से अपने पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में जलमीनार, पुस्तकालय, अमृत वाटिका, खेल मैदान के साथ चेंजिंग रुम का निर्माण कराकर पढ़ने वाले बच्चों को आधारभूत सुविधाएं मुहैया करने सहित शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार के लिए योगदान देते रही है।

सवाल : झरिया विधायक ने विस में उठाया सुरक्षा और स्वास्थ्य का मुद्दा

धनबाद में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता का क्या हाल होगा: रागिनी सिंह

- झारखंड सरकार को केंद्र सरकार की योजना से जुड़ने में दिलचस्पी ही नहीं है

सरकारी-निजि अस्पतालों में लोगों को नहीं मिल रहा आयुष्मान भारत योजना का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। विधानसभा के बजट सत्र में झरिया विधायक रागिनी सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान शुक्रवार को सदन में आयुष्मान भारत योजना का मामला उठाया। कहा कि धनबाद सहित राज्य के अन्य जिलों में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही कई निजी अस्पतालों में आमजनों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने को लेकर आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। लेकिन धनबाद में ऐसे कई सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्र है जिनमें आयुष्मान भारत योजना के चिकित्सीय लाभ से आमजन

झरिया विधायक रागिनी सिंह।

को वंचित रखा जा रहा है। उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वो राज्य के स्वास्थ्य मंत्री जी के जवाब से असंतुष्ट है। उनके द्वारा दिए गए जवाब में यह स्पष्ट नहीं है कि धनबाद जिले में कितने सरकारी एवं निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग धनबाद जिले के उन सभी सरकारी और निजी अस्पतालों की एक सूची जारी करे, ताकि इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। धनबाद जिले में ज्यादातर अस्पतालों में लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसपर सरकार को गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना को क्रियान्वित करने का आदेश देना चाहिए। नीजि अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत किए गए इलाज का भुगतान सरकार द्वारा समय पर नहीं दिए जाने से निजी अस्पताल इलाज करने को मना कर देते है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार को केंद्र सरकार की योजना से जुड़ने में दिलचस्पी नहीं है। जिस कारण योजना को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने में कमी रह जाती है। इसकी विभागीय जांच करा कर जिन सूचीबद्ध अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का पालन नहीं हो रहा उनपर कार्यवाही की जाए। दूसरी ओर, प्रश्नकाल के दूसरे पाली में झरिया विधायक ने सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सुरक्षा मामले को लेकर सवाल करते हुए कहा कि जिले में जब एक विधायक सुरक्षित नहीं तो आम जनता क्या सुरक्षित रहेगी। क्योंकि धनबाद में अपराधी खुलेआम फायरिंग कर वहां से निकल जाते है और दोषियों पर कार्यवाही तक नहीं हो रही है। ऐसे में आम जनता कितनी सुरक्षित रहेगी। रागिनी सिंह ने मुख्यमंत्री से इस मामले में स्वथः संज्ञान लेते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किए जाने को लेकर गंभीरता दिखाने की मांग की है।

तीन साल बीतने के बाद भी नहीं सुलझी चंडीपुर के राहुल हत्याकांड की गुत्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार। थाना क्षेत्र के चंडीपुर निवासी राहुल कुमार महतो की (28) हत्या को तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन उसके हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। न्याय की आस में मृतक राहुल के बूढ़े मां-बाप की आंखें पथरा गईं हैं। बतातें चलें कि कसमार थाना क्षेत्र के चंडीपुर गांव निवासी अनिल महतो के पुत्र राहुल महतो को 30 नवंबर 2021 को उसी के गांव सुइयां टोला में एक शादी समारोह के पास से गंभीर हालत में बरामद किया गया था। बाद में पता चला कि चंडीपुर के ही ब्रजेश कुमार महतो और राहुल कुमार महतो जिस टेंट के पार्टनर थे, वही टेंट उस शादी समारोह में लगा था। जहां रात के 12 बजे के आसपास शॉट सर्किट होने से लाइट बंद हो गई थी। इसके बाद राहुल गायब हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबिन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह राहुल बेहोशी की अवस्था में विवाह स्थल से कुछ दूरी पर मिला था। उसके शरीर पर चोर के कई गंभीर निशान थे और एक पैर भी टूटा हुआ है। आशंका जताई गई कि अन्यत्र ले जाकर उसकी बुरी तरह पिटाई

करने के बाद शादी समारोह के समीप फेंक दिया गया है। उसे चास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां, चार दिन तक मौत से लड़ने के बाद जिंदगी की जंग हार गया। वहीं, मृतक के परिजनों और गांव वालों ने हत्या का आरोप लगाया। थाने में मामला भी दर्ज करायी गयी। परिजन बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए थाना और आला अधिकारियों के चक्कर काटे। कई प्रतिनिधियों के पास जाकर गिड़गिड़ाये। लेकिन तीन साल का समय बीत जाने के बावजूद अब तक हत्यारों को पकड़ा नहीं जा सका। मृतक राहुल के माता-पिता का कहना है कि वे बस उतना जानना चाह रहे हैं कि किस अपराध के लिए उनके बेटे की हत्या की गयी है।

राहुल की मौत की गुत्थी सुलझाने का करेंगे प्रयास : थाना प्रभारी

उधर, कसमार थाना के प्रभारी भजनलाल महतो से इस संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने अकहा कि उस समय के तत्कालीन थाना प्रभारी ने क्या जांच की है कह नहीं सकता। पर पुराने रेकॉर्ड को खंगाल कर नए सिरे से राहुल की मौत की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

सीसीएल ढोरी और बीएंडके में अधिकारी सहित 25 कर्मी हुए सेवानिवृत, दी विदाई

फुसरो/करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित अधिकारी क्लब में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर फरवरी महीने में अधिकारी सहित सेवानिवृत हुए 15 कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। इसलमें मुख्य रूप से क्षेत्र के जीएम रंजय सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह ने किया। वहीं, सेवानिवृत होने वालों में जीएम यूनिट से सीनियर मैनेजर अक्षय लाल यादव, आदित्य मिश्रा, शिवपूजन राम, मुस्तकीम अंसारी, कौशल, सुखदेव महतो, नागेंद्र बाऊड़ी, रूपा मुंडा, लालजी मिश्रा, रामचंद्र मांझी, सरजू चौहान, अशोक प्रसाद, तुलसी प्रसाद महतो, रामधन मांझी और राम प्रसाद महतो शामिल है। जीएम सहित अन्य अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत कर्मियों को शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम ने कहा कि जब हम नियुक्त होते है तभी सेवानिवृत का समय भी तय हो जाता है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के हित में काफी योगदान दिया है। नौकरी करने वाले हर किसी को एक न एक दिन सेवा से मुक्त होना पड़ता है। सेवानिवृत्त कर्मियों से नए कामगारों को काफी कुछ सीखने को मिला है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने सभी के साथ बेहतर संपर्क रखते हुए अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाया है। इनकी आगे की जीवन खुशी के साथ बीते इसकी कामना की। इस मौके पर एसओपी माला कुमारी, कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूके, यूनियन प्रतिनिधि में बृज बिहारी पांडे, विनय सिंह, आर उनेश, गोवर्धन रविदास, जयनाथ मेहता, जितेंद्र दुबे, भीम महतो, जवाहरलाल यादव, महारुद्र सिंह, राजू खिया शिवनंदन चौहान और धीरज पांडे आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में फरवरी महीने में कुल 10 कर्मियों के सेवानिवृत पर समारोह आयोजित कर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इसमें क्षेत्र के महाप्रबंधक चितरंजन कुमार मौजूद रहे। संचालन कार्मिक प्रबंधन मिस सुजाता ने की। वहीं, सेवानिवृत होने वालों में मोहन मांझी, हरिपद चक्रवर्ती, अशोक प्रसाद, अरिसूदन प्रसाद सिंह, नेमचंद, मोहम्मद नईम, काजल कुमार मित्रा, करमु हरि, मुख्तार अली और सागर साहनी सामिल है। सभी सेवानिवृत कर्मियों को जीएम व अन्य ने श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम चितरंजन कुमार ने सभी सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को आगे की जीवन की शुभकामना दी। मौके पर एसओपी विनय रंजन टूडू, एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, एसओ एलएंडआर बीके ठाकुर, मैनेजर पीएन सिंह, रमेश कुमार, रत्नाकर आदि मौजूद थे।

विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में उठाया स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जल का मुद्दा

धनबाद (आजाद सिपाही)। विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने को लेकर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा सत्र में मुद्दा उठाया। उन्होंने जिले के प्रमुख अस्पताल एसएनएमएमसीएच में चिकित्सक के अभाव में जेनेरिक केंद्र बंद होने से धनबाद एवं आसपास के कई जिलों के मरीजों को होने वाली समस्या से अवगत कराते हुए अविलंब विशिष्ट चिकित्सकों के पदस्थापन की मांग की। साथ ही धनबाद सदर अस्पताल में डे केयर सेंटर में दवाओं के अनुपलब्धता और विशिष्ट चिकित्सकों के पदस्थापन एवं अनुश्रवण नहीं होने के कारण

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को होने वाली परेशावियों से भी सदन को अवगत कराया। विधायक राज सिन्हा ने अल्प सूचित प्रश्न के अंतर्गत राज्य के सभी जिले में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज के लिए केंद्र स्थापित किये जाने संबंधित सवाल किया। उन्होंने इस संबंध में यह भी पूछा कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य के लिए 29 करोड़ रुपए और धनबाद जिले के लिए 2.37 करोड़ रुपए की आयुर्वेदिक दवाएं खरीद कर सभी केंद्रों में उपलब्ध कराने के बावजूद, स्थानीय मरीजों और आम लोगों को आयुर्वेदिक पद्धति से समुचित इलाज नहीं हो पा रही है। आयुर्वेदिक दवाएं कैंप में मुफ्त दिए जाने थे। पर दवाओं का सुरक्षित इंतजाम नहीं होने के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होकर एक्सपायर होने के कगार पर हैं। सरकार से जानना चाहा कि धनबाद जिला में आयुर्वेदिक पद्यति से इलाज के लिए 63 केंद्र स्थापित किए गए थे जिसमें मात्र सात वैध (डाक्टर) हैं। उनमें से पांच को स्कूलों में बाल स्वास्थ्य योजना में लगाया गया है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य सवाल किये।

फुटबॉल और क्रिकेट टूर्नामेंट का खेला गया फाइनल

महुदा (आजाद सिपाही)। कदमटांड मां सरस्वती क्लब की ओर से आयोजित सात दिवसीय स्व माखन देशवाली मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को कदमटांड क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पहले स्व माखन देशवाली की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल में कदमटांड माखन 11 और महुदा बस्ती माखन 11 की टीमें पहुंची। इसके बाद, बालिकाओं का फुटबॉल मैच भी हुआ। इसमें पुरुलिया की टीम ने रोमांचक मैच में 2-1 से जीत हासिल की।

भूली में भांजे ने मामा को गोली मारी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भूली के ई ब्लॉक सेक्टर चार स्थित क्वार्टर नंबर 252 निवासी अमित पांडेय को उसके भांजा सुमन पांडेय (26) ने चंद्रकला विवाह भवन के समीप गुरुवार की देर रात गोली मार दी। हालांकि निशाना चूक गया और गोली कान को चीरते हुए चली गयी, जिससे उसकी जान बच गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात 9.30 बजे अमित पांडेय डोसा बेच कर अपने घर जा रहा था। चंद्रकला भवन के मोड़ पर पहुंचते ही उसका भांजा सुमन पांडेय बाइक से आया और गोली चला दी, जो कान को चीरते हुए निकल गयी। अमित की मानें तो सुमन बाइक पर पीछे बैठा था। जबकि बाइक कोई दूसरा युवक चला रहा था। गोली चलाने के बाद दोनों बाइक से भाग निकले। घायल अमित की मानें तो 12 साल से सुमन उनके साथ रहता था। गलत संगत में चले जाने के कारण उसने छह महीना पहले ही सुमन को घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसने घर से बाइक चोरी कर ली। दबाव देने पर बाइक वापस किया था। अमित ने बताया कि सुमन अवैध बंदूक की खरीद बिक्री करने वालों से जुड़ा है। वहीं, भूली पुलिस ने अमित पांडेय को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती करवाया है। ओपी प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। हालांकि वहां से कारतूस का कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

जरूरतमंदों के बीच रमजान किट का वितरण

महुदा (आजाद सिपाही)। खानकाह मुजीबिया फुलवारी शरीफ, पटना के आह्वान पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज की ओर से महुदा बस्ती, मुरलीडीह, तेतुलिया, भाटडीह, कुम्हारडीह, कुलटांड, महुदा बाजार, राधानगर, सिंगडा, बारकी, चरकीटांड, कांड्रा, सिनीडीह और बागड़ा बस्ती सहित आसपास क्षेत्रों में 200 से अधिक जरूरतमंदों के बीच रमजान कीट का वितरण किया गया। साथ ही राशन भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान कलाम पाक की तिलावत की गई और हुजूर की शान में नात भी पढ़ा गया। इस कार्य में हाफिज नईम, हाफिज नईमुद्दीन, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, नदीम अख्तर, वासिफ अली, मेंहदी हसन, इरफान अली, जमील अख्तर, अरशद अंसारी, आबिद अंसारी, हबीबुल्ल, सहजान, नसीम अख्तर, हसन अख्तर सहित कई अन्य समाजसेवियों का सराहनीय योगदान रहा।

एडीएम ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

बीसीसीएल पर लगा सेवानिवृत्ति का लाभ नहीं देने का आरोप, शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पीयूष सिन्हा की अगुवाई में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में बलियापुर, गोविंदपुर, तोपचांची और झरिया सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनी गयी। इसमें गोविंदपुर महुबनी के सुंदर पहाड़ी से आयी एक वृद्ध महिला ने एडीएम को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड (बीसीसीएल) में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु वर्ष 1982 में हो गई थी। कई दशक बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल ने उनके दिवंगत पिता का पीएफ, ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति के अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया है। गौरतलब है कि महिला काफी उम्रदराज थी और स्पष्ट हिंदी बोलने में असमर्थ थी। इसलिए वह संथाली भाषा में एडीएम के साथ वातार्लाप कर रही थी। उनकी बातों को अच्छे से समझने के लिए एडीएम ने संथाली भाषा

बोलने वाले एक कर्मी को बुलाया। उसने महिला की सारी बातें संथाली भाषा में सुनी और महिला की पीड़ा एडीएम को बताई। एडीएम ने तुरंत मामले पर संज्ञान लेते हुए बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखने और महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। एक अन्य महिला ने बताया कि उसने आमाघाटा लेमन चिल्ली होटल के पास जमीन दलाल से दो डेसिमल जमीन खरीदी। जिसकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। जब वह जमीन पर घर बनाने गई तो पता चला कि जमीन सीएनटी एक्ट की है। महिला ने बताया कि उन्होंने ऋण लेकर जमीन दलाल को भुगतान किया है। उन्होंने एडीएम से हस्तक्षेप कर जमीन के लिए दिए पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई। इसके अलावा जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पीएम आवास की स्वीकृति देने, ऑनलाइन पंजी-2 में नाम दर्ज कराने, भू-माफियाओं द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को लेकर मजदूरों ने किया एमपीएल का घेराव, गेट जाम कर प्रदर्शन

निरसा (आजाद सिपाही)। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत निरसा में एमपीएल प्रबंधन द्वारा संविदा मजदूरों की वेतन वृद्धि सहित चार सूत्री मांगों को लेकर अपनाई जा रही ढुलमुल नीति के खिलाफ मजदूरों ने शुक्रवार अहले सुबह से ही एमपीएल का गेट जाम कर दिया। इसके बाद एमपीएल प्रबंधन की ओर से दोपहर 12 बजे प्रतिनिधि पहुंचे और आठ मार्च को वार्ता के लिए लिखित आश्वासन दिया। जिप सदस्य संजय सिंह एवं मजदूर नेता श्यामाकांत पांडे ने बताया कि अगर आठ मार्च को प्रबंधन की तरफ से सकारात्मक वार्ता नहीं हुई तो नौ मार्च से पुनः एमपीएल का गेट अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा। इसकी पूरी जवाबदेही एमपीएल प्रबंधन की होगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/ 60 /2024-25 ,PR संख्या–342504(Building)24-25(D) द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम– Construction of HSC Medkuri, BLOCK-Daru Dist-:Hazaribagh को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR 347408 Building(24-25)D

कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा
शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID/LOHARDAGA/F_2-20/2024-2025 Date :-15/02/2025 ,जिसका पी.आर.सं०–346537(Lohardaga)24-25*D में अपरहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

Date of Publication of E - Tender on website	01.03.2025 at 2.00 PM
Last date/Time for submission of E-Tender BID's	07.03.2025 up to 5:00 PM
Last Date for online Submission of Tender fee and EMD	e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 07.03.2025 up to 5:00 pm
Date of Opining Tender	10.03.2025 at 2:00 PM

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगा।
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा
PR 347374 Lohardaga(24-25).D

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
अति अल्पकालीन सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना हैं। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवदेन जमा कर सकते है।

क्र0 सं0	दुकान संख्या	दुकान का न्यूनतम मासिक किराया (प्रतिदुकान)	जमानत की राशि (प्रतिदुकान)	आवेदन करने की अंतिम तिथि	डाक की तिथि
1	2	3	4	5	6
1	5,8,9,10,11,12,13,14,15 ,एवं 16	2055.00	20000.00	07.03.2025	08.03.2025 11:30 AM

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के website www.Lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा
PR 347382 Lohardaga(24-25)#D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 39/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 08.03.25 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.03.25 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.03..25 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– DMFT मद।

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कण्डसार का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
2	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कठौतिया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
3	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पिचरी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
4	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पबरा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
5	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पेलावल दक्षिणी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
6	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, डाटोखुर्द का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
7	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नवादा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह
8	कटकमसाण्डी	स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आराभुसाई का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य।	999600.00	1250.00	20000.00	चार माह

नोट :–1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।
PR 347413 (District) 24-25 (D)

ओड़िशा के पुरी में 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति से उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा के रुख में बड़ा बदलाव आया है : जेपी नड्डा

- ओड़िशा के लोग अब देश भर के 29000 से अधिक निजी अस्पतालों में पहुंच सकते हैं : मोहन चरण माझी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर/नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को ओड़िशा के पुरी में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अच्छे एवं अनुकरणीय प्रचलनों और नवप्रवर्तन पर 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस आयोजन में ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग तथा पुरी से लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा भी उपस्थित थे।

सत्र को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि देश में 2014 से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा से बढ़ कर उपचारात्मक के साथ-साथ निवारक, प्रोत्साहनकारी और व्यापक पहलुओं को शामिल करने का रुख अपनाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर जोर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष्मान मंदिर के कार्यों ने समग्र स्वास्थ्य सेवा पिरामिड में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का आधार सुदृढ़ किया है।

श्री नड्डा ने कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के प्रत्येक जिले में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित होंगे। इसी वर्ष 200 जिलों में इन्हें स्थापित किया जायेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर पर सर्वोत्तम प्रचलनों पर 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, 16वें सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के चार क्षेत्रीय सम्मेलन (2024-25) रिपोर्ट और गैर-संचारी रोग सम्मेलन रिपोर्ट (जनवरी 2025) पर एक कॉफी टेबल बुक भी विमोचित की।

इस अवसर पर ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओड़िशा की गोपबंधु जन आरोग्य योजना का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ समेकिकरण एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ओड़िशा के लोग अब देश भर के 29 हजार से अधिक निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जा सकते हैं, जिससे चार करोड़ 50 लाख से अधिक लोग, विशेष कर राज्य के प्रवासी श्रमिक लाभान्वित होंगे।

ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग ने कहा कि ओड़िशा में संस्थागत प्रसव में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जो 92 प्रतिशत से अधिक पहुंच गयी हैं। उन्होंने कहा कि एमएमआर और आइएमआर के मामले में भी काफी कमी आयी है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा के जिला अस्पतालों में कैंसर का इलाज और कीमोथेरेपी पहले से ही उपलब्ध है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन समतापूर्ण, गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का सशक्त माध्यम बना है। इस अवसर पर आराधना पटनायक, सौरभ जैन समेत कई अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिनेता उत्तम महांति के निधन शोक जताया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकप्रिय अभिनेता उत्तम महांति के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा कि प्रमुख फिल्म अभिनेता उत्तम महांति के निधन की खबर सुनकर मुझे दुख हुआ है। श्री महांति ने कई ओड़िया फिल्मों में नायक भूमिका निभाकर अनगिनत दर्शकों का दिल जीत लिया। ओड़िया फिल्म विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। एक मधुरभाषी और भोले-भाले सज्जन व्यक्ति के रूप में सभी उनका आदर करते थे। उनका निधन ओड़िया फिल्म उद्योग के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना है।

सीएम मोहन चरण माझी ने भी शोक व्यक्त किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िया सिनेमा के दिग्गज अभिनेता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता उत्तम महांति के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। उनके निधन से ओड़िया कला की दुनिया में एक बड़ा खालीपन आ गया है। ओड़िया कला की दुनिया में उनके अभिनय की छाप उन्हें दर्शकों के दिलों में हमेशा अमर रखेगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि चिरसबुज नायक उत्तम महांति के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। वे न केवल एक कलाकार थे बल्कि एक पारिवारिक व्यक्ति भी थे। त्रुटिहीन और जीवंत अभिनय ने उन्हें घर-घर में मशहूर बना दिया। संस्कृति मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने एक शोक संदेश में कहा कि श्री महांति को उनके त्रुटिहीन अभिनय के लिए याद किया जायेगा। पीसीसी अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि उत्तम महांति के निधन से ओड़िशा ने एक महान कलाकार खो दिया है। इसी तरह राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा ओड़िया सिनेमा जगत में श्री महांति के योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। सुरेश पुजारी ने शोक संदेश में कहा कि कई फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले इस मशहूर अभिनेता का निधन बहुत दुखद घटना है। उन्होंने ओड़िया के साथ-साथ बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया है।

बोकारो-बेरमो विधानसभा में भाजपा जिला कमेटी की बैठक

भाजपा की बैठक में रविंद्र कुमार पांडेय के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

बेरमो। पूर्व आइजी सह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बोकारो-बेरमो विधान सभा में जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इसमें पार्टी के पूर्व सांसद गिरिडीह रविंद्र कुमार पांडेय, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयदेव राय, जिला महामंत्री अनील स्वर्णकार, संजय त्यागी, जिला चुनाव सह संयोजक ईश्वर चंद्र प्रजापति, भाजपा बेरमो अनुमंडल के सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष, मंडल चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। रविंद्र पांडे की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित प्रक्रिया तथा प्रस्तावित उम्मीदवारों आदि पर गहन चिंतन किया गया। साथ ही पार्टी को धरातल पर सुदृढ़ीकरण प्रदान करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गयी।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

वेदांता मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

झारसुगुड़ा, ओड़िशा। वेदांता एल्युमीनियम ने वेदांता मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर लॉन्च की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संरचित मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण के माध्यम से झारसुगुड़ा के युवाओं को सशक्त बनाना है। यह केंद्र मार्शल आर्ट्स के लिए एक समर्पित केंद्र होगा, जिसमें कराटे और जूडो जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। यह प्रतिभागियों को अपने कौशल को निखारने और राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए तैयार होने में मदद करने के लिए पेशेवर कोचिंग प्रदान करेगा। लॉन्च कार्यक्रम में झारसुगुड़ा के मुख्य विकास अधिकारी प्रबीर कुमार नायक, ओड़िशा के जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष जीबनंद मोहंती, झारसुगुड़ा के राष्ट्रीय कराटे फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार विवेकानंद मिश्रा शामिल थे।

कार्यक्रम में बोलते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता में हम ओड़िशा में खेलों के विकास को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वेदांता मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, जिससे हमारे युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विश्व स्तरीय अवसर मिल सकें।

ओड़िशा के जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष जीबनंद मोहंती ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किये। वेदांता मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर इस क्षेत्र में युवा एथलीटों को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए नये अवसर पैदा करने के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर झारसुगुड़ा की क्षमता को प्रदर्शित करने में मदद करेगा। प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक सुसांत गुप्ता ने कहा कि मार्शल आर्ट उत्कृष्टता की भावना विकसित करने के बारे में है। हमारा लक्ष्य कुशल मार्शल कलाकारों को विकसित करना है।

टीबी उन्मूलन पर जागरूकता अभियान

- खोरधारोड मंडल के चिकित्सा विभाग द्वारा की गयी पहल
- टीबी उन्मूलन पर सरकार के 100 दिनों के अभियान का हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

खोरधारोड। टीबी को उन्मुलन करके पूरे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने की प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में खोरधारोड मंडल के चिकित्सा विभाग द्वारा खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह पहल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के टीबी उन्मूलन पर 100 दिनों के गहन अभियान का एक हिस्सा है।

जागरूकता अभियान में खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (संचालन) पीके बेहरा, खोरधारोड रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ शरथ बाबू, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ, शाखा अधिकारी और स्काउट-गाइड बच्चे शामिल थे।

सात दिसंबर 2024 को प्रारंभ और 24 मार्च 2025 को समाप्त होने वाला यह गहन अभियान टीबी मुक्त राष्ट्र की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण किर्तीमान स्तंभ है। भारत 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण मंच तैयार कर रहा है। टीबी, माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होता है। इस अभियान के एक अंश के रूप में खोरधा रोड स्थित भारत स्काउट्स और गाइड्स के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता और यात्रियों को टीबी के लक्षण, समय पर पहचान, उचित उपचार और बीमारी से पूरी तरह मुक्त होने तक आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में जागरूक किया गया। बाद में खोरधारोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर रैली का आयोजन किया गया। इसमें टीबी उन्मूलन पर प्रदर्शन और नारे लगाये गये। खोरधारोड मंडल के रेलवे स्टेशनों पर जिंगल्स बजा कर भी जागरूकता पैदा की जा रही है।

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

आठ को मिलेगी 'सुभद्रा' की दूसरी किस्त

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सुभद्रा योजना को लेकर उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने बडा एलान किया है। सुभद्रा की दूसरी किस्त 8 मार्च को मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं सशक्त होती हैं। एक करोड़ से ज्यादा महिलाओं तक सुभद्रा रुपये पहुंचेंगे। सूचना मुताबिक 'सुभद्रा' योजना की दूसरी किस्त 8 मार्च को मिलेगी। यह धनराशि ब्रह्मपुर में एक विशेष कार्यक्रम में दी जायेगी। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने शुक्रवार को दूसरी किस्त वितरण की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सुभद्रा की दूसरी किस्त इस बार ब्रह्मपुर से दी जायेगी। सुभद्रा एक करोड़ महिलाओं तक पहुंचेंगी। आठ मार्च को एक करोड़ महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी। सरकार ने उन योग्य महिलाओं को चिंता न करने की सलाह दी है, जिन्हें सुभद्रा राशि नहीं मिली है। जिन महिलाओं को विभिन्न कारणों से सुभद्रा राशि नहीं मिली है, उन्हें एक बार में दो किश्तें मिलेंगी। साथ ही उन्हें सुभद्रा की दो किश्तें यानी 10 हजार रुपये मिलेंगे। जो 8 मार्च को मिलेगा। जिन लोगों ने आवेदन नहीं किया है, अगर वे अब आवेदन करते हैं, तो उन्हें 8 मार्च को 10,000 रुपये की दो किस्तें मिलेंगी।

पेट्रोल पंप से चोरी हुआ ट्रक 24 घंटे में बरामद

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 26 तारीख को गोपालपुर गोलंथरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गोलंथरा राष्ट्रीय राजमार्ग के पास एक पेट्रोल पंप पर खड़े एक ट्रक चोरी के बारे में गोलंथरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद 24 घंटे के भीतर गोलंथरा पुलिस चोरी हुए ट्रक को जब्त करने में सफल रही। शिकायत के अनुसार बिहार के रहने वाले ड्राइवर मिथलेश कुमार ने 25 तारीख की रात 11 बजे पेट्रोल पंप के पास अपनी ट्रक (बीआर01जीएम 3721) खड़ी की और पास के एक होटल में सो गये। करीब 12 बजे मिथलेश की नींद खुली तो ट्रक पार्किंग में नहीं था। उन्होंने गोलंथरा थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 91/25 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी तथा थाना प्रभारी विवेकानंद स्वाइं की ओर से एक विशेष टीम का गठन कर चोरी हुई ट्रक की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी गयी। 26 तारीख को रात दो बजे ट्रक पुरी जिले के गोडीशागदा थाना अंतर्गत खुंटिया बाणपुर से एक सुनसान जगह पर सूचना मिला। पुलिस वहां पहुंची और ट्रक को जब्त कर थाने ले आयी। थाना अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक मिथलेश कुमार को पुलिस ने शुक्रवार को ट्रक को सौंपा। दूसरी पुलिस अभियुक्तों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

हिन्दी दैनिक
आजाद सिपाही
Classified

Holi Dhamaal
SHUBARAMBH EVENTS
LIVE BAND & DJ | COMPLIMENTARY THANDAI | UNLIMITED COLOUR | RAIN DANCE | GAMES
FOOD STALLS | MOCKTAILS
LIMITED OFFER
8th March | 10:00 AM Onwards
STAG 499/- GROUP 1999/- COUPLE 999/-
Venue : Swastik Marriage Hall
Anchal Office Road, No.- 7, Near Hehal Ganga Nagar, Pathartoli, Ranchi
FOR BOOKINGS +91 8340773711

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
पन्ना मूँगा माणिक्य नीलम मोती पुखराज डायमंड लहसुनीया गोमेद
BIS 916
100% हॉलमार्क सोने की विशाल रेंज
विशेषताएं:
• 100% प्रमाणित रत्न • Original Bill
• 80% से 90% बैक (शुद्ध रत्नों में)
• शुद्ध रत्नों की गारंटी • पुराने रत्नों की खरीद
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212 9334718303
जेम्स और ज्वेलरी में सबसे सस्ता, सबसे अच्छा
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

GeetAnshi
MUSTARD Oil
... Inspire Your Heart & Health
For Good & Pure Food
Wants Sales Executive
Persons having experience in FMCG with two Wheeler.
Earn upto Rs. 30.000/- Per Month.
Contact 7004707013 / 9431369075
Lovely Inspiration Food
Near shilpa kala Kendra, Kokar Industrial Area
Ranchi -834001 (Jharkhand)

GSTIN-20FZJPK2375F1ZK
RAJU KUMAR - 8789580570
VIKARM - 8434616524
PROUD MOBILE WORLD
DEALS IN: All Type of Mobiles, Accessories & D.T.H. Recharge
Specialist in : MOBILE REPAIRING
यहां पर गाड़ी इन्श्योरेंस किया जाता है।
MOBILE FINANCE
SAMSUNG NOKIA MI VIVO GIONEE LAVA honor itel mobistar
U, NEAR HANUMAN MANDIR, H.B.ROAD,KOKAR CHOWK
P.S. SADAR, RANCHI, JHARKHAND-834001

88094-29297
BAHA AQUARIUM
E-mail:bahaaqua570@gmail.com
Near Dharam Kanta Petrol Pump, H.B. Road, Ranchi (Jharkhad)

हिन्दी दैनिक
आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें -
डॉ. कमलेश कुमार - 9304805749
सनोज कुमार - 7209001826
रोहित सिंह - 9304280115
कोकर चौक, राँची

POPKORN cinemas
Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE
CHHAAVA
Schedule For 28th Feb., 2025 onwards!
at Screen-1 (Sujata)
Chhaava : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45
at Screen-2 (Miniplex)
Chhaava : 12.15, 3.15, 6.00
at Popkorn Cinemas
Chhaava : 11.15, 12.45, 2.15, 4.00, 5.30, 7.15, 8.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**